इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26



वर्ष- 45 अंक - 329 राजनांदगांव, गुरूवार 22 अक्टूबर 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

यूरोप में सुलगता असंतोषः फ्रांस, इटली और अल्बानिया समेत कई देशों में सड़कों पर उतरे लाखों लोग, आगजनी व झड़पों के बीच सरकारों पर बढ़ा दबाव

महंगाई, बदहाल सरकारी सेवाओं और महंगी शिक्षा के खिलाफ फूटा जनता का गुस्सा

फ्रांस। यूरोप के कई देशों में महंगाई, महंगे घरों, शिक्षा की लागत और सरकारी सेवाओं में कमी के खिलाफ बड़े प्रदर्शन हुए हैं. फ्रांस, अल्बानिया, इटली, पुर्तगाल और बेल्जियम में लोग अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे. कुछ जगहों पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, जबकि कई शहरों में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं. आगजनी, तोड़फोड़ और गिरफ्तारियों की खबरें भी सामने आईं.

इन प्रदर्शनों के पीछे अलग-अलग मुद्दे हैं. कहीं लोग बढ़ते खर्च से परेशान हैं, तो कहीं शिक्षा और सार्वजनिक सेवाओं की स्थिति को लेकर नाराजगी है. अल्बानिया में प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं.



फ्रांस में सिटी हॉल में आगजनी, अल्बानिया में पीएम के इस्तीफे की मांग- पेरिस, सिलान और तिराना में संख्या में लोगों को गिरफ्तार किया गया और कई पुलिसकर्मी घायल हुए. ये प्रदर्शन स्कूलों में शिक्षकों की कमी और खराब सुविधाओं को लेकर शुरू हुए गुस्से से भी जुड़े बताए गए. बाद में इसमें महंगाई, असमानता और सरकारी खर्च जैसे मुद्दे भी शामिल हो गए.

अल्बानिया में प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग

अल्बानिया की राजधानी तिराना में प्रधानमंत्री एडी रामा के इस्तीफे की मांग को लेकर लगातार पांचवें दिन भी प्रदर्शन हुए. प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था की खराब स्थिति को लेकर सवाल उठाए. प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने पुलिस पर पत्थर और पेट्रोल बम फेंके. पुलिस ने जवाब में आंसू गैस, वॉटर कैनन और अन्य उपायों का इस्तेमाल किया. रबर की गोलियां चलाए जाने की खबरें भी सामने आईं.

अल्बानिया के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, शनिवार को 35 लोग घायल हुए, जिनमें 18 पुलिसकर्मी और 17 प्रदर्शनकारी शामिल थे. पुलिस प्रमुख ने बताया कि इस सप्ताह के प्रदर्शनों के दौरान 167 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 388 लोगों के खिलाफ आपराधिक मामले शुरू किए गए. प्रधानमंत्री एडी रामा ने इस्तीफा देने से इनकार किया है. उन्होंने विपक्ष पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया, जबकि प्रदर्शनकारी सरकार की नीतियों और कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

इटली में भी सड़कों पर उतरे लोग

इटली में महंगाई और रोजमर्रा के खर्च बढ़ने के खिलाफ प्रदर्शन हुए. मिलान और बोलोग्ना में कुछ प्रदर्शन हिंसक हो गए, जिसके बाद पुलिस को भीड़ हटाने के लिए आंसू गैस और वॉटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा. मिलान में पुलिस ने शहर के मुख्य कैथेड्रल स्क्वायर से *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

फ्रांस में महंगाई और सरकारी सेवाओं के खिलाफ प्रदर्शन

फ्रांस में बढ़ते खर्च, सरकारी सेवाओं की खराब स्थिति और असमानता के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए. रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रांस के गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज़ ने करीब 5.5 लाख लोगों के प्रदर्शन में शामिल होने की बात कही. वहीं, ट्रेड यूनियन ने यह संख्या 8 लाख बताई. अधिकतर जगहों पर लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से मार्च किया, लेकिन कुछ शहरों में हिंसा भी हुई. लिमोज में सिटी हॉल में आग लगाए जाने की खबर आई. मार्सिले में प्रदर्शनकारियों ने सिटी हॉल में घुसकर तोड़फोड़ की, जबकि ल्योन में पर्यटन कार्यालय में आग लगा दी गई.

प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल

पेरिस में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया. कुछ दुकानों में तोड़फोड़ और लूटपाट की खबरें भी आईं. फ्रांस के अधिकारियों के मुताबिक, प्रदर्शन के दौरान बड़ी

फ्रांस में हिंसक प्रदर्शनों के बीच भारत ने नागरिकों के लिए जारी की एडवायजरी

पेरिस। फ्रांस में अभी तक हिंसा और प्रदर्शन रुके नहीं हैं। फ्रांस में महंगाई के खिलाफ प्रदर्शनों के हिंसक होने के बाद भारतीय दूतावास ने बुधवार को अपने नागरिकों के लिए यात्रा एवं सुरक्षा संबंधी एडवाइजरी जारी की। इसमें फ्रांस में रह रहे और वहां यात्रा करने वाले भारतीयों को सतर्क रहने तथा प्रदर्शन वाले क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

दूतावास ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि स्थानीय स्तर पर कर्फ्यू लगाए जाने और सड़क तथा सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में व्यवधान की आशंका को देखते हुए नागरिक फ्रांसीसी अधिकारियों के निर्देशों का पालन करें। यात्रियों को उड़ानों के समय में बदलाव की जानकारी के लिए अपनी एयरलाइंस या ट्रैवल एजेंसियों के संपर्क में रहने को भी कहा गया है।

दूतावास ने नागरिकों को स्थानीय समाचारों और आधिकारिक सूचनाओं पर नजर रखने की सलाह दी है। आपात स्थिति में पेरिस स्थित भारतीय दूतावास से +33 6 48 34 00 63 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। यह सलाह शनिवार, 24 अक्टूबर को होने वाले नए प्रदर्शनों से पहले जारी की गई है। 17 अक्टूबर को हुए दंगों में व्यापक नुकसान हुआ था और हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि सरकार हिंसा की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी कानूनी उपायों का इस्तेमाल करेगी। उन्होंने आपातकाल की घोषणा फिलहाल जरूरी नहीं बताई, लेकिन जरूरत पड़ने पर इस पर विचार किया जा सकता है।

एसआईआर विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट की दो टूक, कहा- हमारे हाथ बंधे नहीं हैं



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि संवैधानिक अदालतें आमतौर पर चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने से बचती हैं, लेकिन अगर अवैध या असंवैधानिक तरीकों से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित किया जाता है, तो अदालतें हस्तक्षेप कर सकती हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऐसी परिस्थितियों में उसके हाथ बंधे हुए नहीं हैं।

जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने यह टिप्पणी आंध्र प्रदेश के प्रमुख विपक्षी दल युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी को अंतरिम राहत देते हुए की। पार्टी ने आरोप लगाया था कि हिंसा और बाधाओं के कारण उसके लगभग दो-तिहाई उम्मीदवार शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए नामांकन दाखिल नहीं कर सके।

राज्य निर्वाचन आयोग को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह पार्टी की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख बढ़ाने की मांग पर विचार करे। इसके अलावा, अदालत ने उम्मीदवारों की अंतिम सूची के प्रकाशन को भी टालने का आदेश दिया। यह सूची पहले 21 अक्टूबर को प्रकाशित होनी थी, लेकिन अब इसे 23 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

अदालत के इस निर्देश का उद्देश्य पार्टी की शिकायतों पर विचार करने के लिए निर्वाचन आयोग को समय देना है, ताकि चुनाव प्रक्रिया में उम्मीदवारों को नामांकन दाखिल करने के समान अवसर मिलने से जुड़े मुद्दे पर विचार किया जा सके।

टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस में बड़ा खुलासा, 'डेड लेटर बॉक्स' के जरिये अमृतसर से पहुंचे थे पिस्टल और कारतूस

नई दिल्ली। अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग मामले की जांच में सामने आया है कि शूटरों तक हथियार पहुंचाने के लिए एक खतरनाक और आधुनिक सिंडिकेट काम कर रहा था, जिसका नेटवर्क मुंबई, दिल्ली, अमृतसर ही नहीं, कई राज्यों तक फैला है।

इस सिंडिकेट ने स्पाई थ्रिलर फिल्मों की तर्ज पर शूटरों तक डेड लेटर बॉक्स के जरिये पिस्टल और कारतूस पहुंचाए थे। खुफिया एजेंसियों और जांच अधिकारियों की भाषा में 'डेड लेटर बॉक्स' उस गुप्त ठिकाने या लोकेशन को कहा जाता है, जहां आमने-सामने मिले बिना ही एक व्यक्ति दूसरे के लिए सामान (इस मामले में हथियार) छोड़कर चला जाता है।

दिल्ली से अमृतसर तक जुड़े हमले के तार



टाइगर पर हमले के मामले में गिरफ्तार आरोपियों रेहान, फूल सिंह और ऋतिक कुमार से मुंबई पुलिस ने पूछताछ की तो हमले के तार दिल्ली से लेकर अमृतसर तक जुड़ते चले गए। मुंबई पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मंगलवार को कुणाल और सुमित के साथ ही कुणाल की गर्लफ्रेंड राधा और उसकी सहेली बबीता को गिरफ्तार किया था। दोनों युवतियों को दिल्ली जबकि युवकों को सोनीपत से गिरफ्तार किया गया था।

यौन अपराधी एपस्टीन और मंत्री हरदीप पुरी की फोटो वायरल : मंत्री ने कहा था- कभी अकेले नहीं मिला; कांग्रेस का सवाल- फिर तस्वीरें कहां से आई

नई दिल्ली। अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी की कई तस्वीरें वायरल हैं। ये तस्वीरें इसलिए अहम मानी जा रही हैं, क्योंकि पुरी लगातार कहते रहे हैं वे एपस्टीन से केवल प्रतिनिधिमंडल के साथ मिले, अलग से कभी मुलाकात नहीं हुई।



तस्वीरें सामने आने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- जब पुरी ने कहा था कि वे एपस्टीन से कभी अकेले नहीं मिले, तो इन तस्वीरों के क्या मायने हैं? टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा- पुरी कहते थे कि वे एपस्टीन से तीन-चार बार डेलिगेशन के साथ मिले थे, दोनों तस्वीरों में बाकी सदस्य कहां थे।

वेबसाइट पर 11 तस्वीरें

इन तस्वीरों को जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से जारी दस्तावेजों के नौवें सेट में रखा गया था। इस सेट में कम से कम 11 तस्वीरें हैं। ये सभी लगभग एक जैसी हैं। ये मंगलवार को सोशल मीडिया पर चर्चा में आईं।

राहुल गांधी ने एपस्टीन और पुरी की तस्वीर सवाल उठाया

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुंबई पहुंचने और अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से जेफ्री एपस्टीन और हरदीप सिंह पुरी की तस्वीर जारी किए जाने को लेकर बीजेपी और आरएसएस पर तंज कसा। राहुल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'रुबियो मुंबई पहुंचे। अमेरिकी न्याय विभाग ने एपस्टीन और पुरी की तस्वीर जारी की। बीजेपी और आरएसएस के कार्यकर्ताओं से पूछना चाहता हूं कि आपके हिसाब से ये किस देश-विरोधी गद्दार को ब्लैकमेल कर रहे हैं?

तुर्किये, पाकिस्तान, कतर और इंडोनेशिया के बीच 'बद्र' रक्षा समझौता : भारत के लिए रणनीतिक मायने

नई दिल्ली। तुर्किये, पाकिस्तान, कतर और इंडोनेशिया ने रक्षा सहयोग को मजबूत करने और रणनीतिक साझेदारी विकसित करने के लिए 'बद्र मेमोरेंडम' पर हस्ताक्षर किए हैं। तुर्किये के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। समझौते पर कतर की राजधानी दोहा में चारों देशों के रक्षा मंत्रियों ने हस्ताक्षर किए।



कतर की राजधानी दोहा में चार मुस्लिम देशों के रक्षा मंत्रियों ने 'बद्र मेमोरेंडम' पर किए हस्ताक्षर

इस समझौते का उद्देश्य सैन्य उत्पादन, रक्षा क्षमताओं के विकास, तकनीकी सैन्य प्रशिक्षण और रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के लिए सहयोग बढ़ाना है। इस पहल के तहत चारों देश आधुनिक रक्षा प्रणालियों में हो रही प्रगति के अनुरूप तकनीक और औद्योगिक क्षमताओं को विकसित करने की दिशा में काम करेंगे।

समझौते पर तुर्किये के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री यासर गुलेर, कतर के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मामलों के राज्य मंत्री शेख सऊद बिन अब्दुलरहमान बिन हसन अल थानी, इंडोनेशिया के उप रक्षा मंत्री यूसुफ जौहारी और पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान तुर्किये के रक्षा उद्योग प्रेसीडेंसी के प्रमुख हालुक गोर्गुन भी मौजूद रहे।

क्या है 'बद्र' समझौता और इसका उद्देश्य?

तुर्किये के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 'बद्र' का अर्थ 'पूर्णिमा' है। इस समझौते के तहत चारों देश रक्षा उद्योग में सहयोग बढ़ाने, सैन्य उत्पादन क्षमताओं को एक-दूसरे के साथ जोड़ने और तकनीकी विशेषज्ञता साझा करने की दिशा में काम करेंगे।

मोदी कैबिनेट विस्तार से पहले सभी मंत्रालयों की सचिवों के साथ बैठक, प्रधानमंत्री के पास पहुंचेगा रिपोर्ट कार्ड

नई दिल्ली। हाल ही में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य और फिर केंद्र सरकार के मुखिया के रूप में 25 वर्ष पूरे किए तो जनविश्वास को इसका आधार बताने के साथ ही नई ऊर्जा से काम और रिफार्म एक्सप्रेस चलाने के प्रति भी देशवासियों को आश्वस्त किया। अब उसी दिशा में प्रयास तेज करने का केंद्र सरकार का इरादा दिखाई दे रहा है। दरअसल, 27 अक्टूबर को कैबिनेट सचिव ने सभी मंत्रालयों के सचिवों की बैठक बुलाई है। इसमें मंत्रालयों से उनकी परफार्मेंस रिपोर्ट ली जाएगी। वह समग्र रिपोर्ट प्रधानमंत्री तक जाएगी, जिसके बाद ईज आफ डूइंग और ईज आफ लिविंग बढ़ाने की दिशा में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय किए जा सकते हैं।

एक मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कैबिनेट सचिवालय से सभी मंत्रालयों से कहा गया है कि वर्तमान में चल रही योजनाओं, उनकी प्रगति, जनता को मिल रहे लाभ के साथ ही भविष्य के लिए



प्रस्तावित कार्ययोजनाओं पर पूरी रिपोर्ट तैयार की जाए। 27 अक्टूबर को कैबिनेट सचिव द्वारा सभी मंत्रालयों के सचिवों से क्रमवार जानकारी लेकर कामकाज की समीक्षा की जाएगी।

बताया गया है कि यह रिपोर्ट पीएम मोदी के सामने प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद उच्चस्तरीय बैठक के बाद कुछ निर्णय किए जा सकते हैं। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी लगातार रिफार्म, परफार्म और ट्रांसफार्म पर जोर देते हैं।

ईज ऑफ डूइंग, ईज ऑफ लिविंग पर होंगे महत्वपूर्ण निर्णय

उनका मानना है कि व्यापार करने में सुगमता के साथ ही ईज आफ लिविंग यानी जीवन जीने में सुगमता शहरों के साथ ही कस्बों और गांवों तक भी पहुंचनी चाहिए। सरकार के इस ताजा प्रयास को वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रमों से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

एसीएम कोर्ट से सीजेपी नेताओं को राहतः आशुतोष रांका और सौरव दास को मिली जमानत



नई दिल्ली। सीजेपी नेता आशुतोष रांका और सौरव दास को एसीएम कोर्ट से जमानत मिल गई है। दोनो सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में शामिल थे। आशुतोष और सौरव को दिल्ली पुलिस ने बीते 13 अक्टूबर को हिरासत में लिया था। दोनों पर जंतर-मंतर पर लगे बैरिकेड्स फांदकर अंदर घुसने का आरोप था। जिस पर कोर्ट ने 14 अक्टूबर को उन्हें पांच दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा और 19 अक्टूबर को उनकी हिरासत दो दिन और बढ़ा दी थी। दोनों को बुधवार दोपहर दो बजे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने दोनों को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है।

हिरासत को बढ़ाने के खिलाफ दी थी चुनौती

बुधवार को आशुतोष रांका और सौरव दास ने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने के फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। दिल्ली हाईकोर्ट की विशेष पीठ ने दोनों की हिरासत और न्यायिक हिरासत बढ़ाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान कॉमरोच जनता पार्टी के नेताओं से दिल्ली हाईकोर्ट ने तल्ख सवाल भी किए हैं।

सीजेपी के वकील ने कोर्ट में दलील देते हुए कहा कि 19 अक्टूबर का आदेश मनमाना था। इसमें तय प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। हाईकोर्ट ने कहा कि जमानतदारों को खारिज करने का मामला अलग है। हाईकोर्ट ने इस दौरान पूछा कि जब कानून में अपील का विकल्प मौजूद है तो याचिकाकर्ताओं ने उस वैकल्पिक उपायों का इस्तेमाल क्यों नहीं किया। इस पर कॉमरोच जनता पार्टी ने कोर्ट में दलील दी कि 19 अक्टूबर का आदेश पूरी तरह मनमाना है और प्रक्रिया का उल्लंघन करता है। छुट्टुक ने कोर्ट में दलील में धारा 414 का जिक्र किया। जानकारी सामने आई है कि दोनों ने हाईकोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली।

कोर्ट की टिप्पणी : आप दोनों ही जेन-जी नहीं हैं

कोर्ट ने उम्र पूछने के बाद सौरव और आशुतोष के लिए की टिप्पणी करते हुए कहा कि, दोनों जेन जी नहीं हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने दास और रांका के वकील को सुझाव दिया कि वे याचिका वापस लेकर आज एसईएम कोर्ट में सुनवाई का इंतजार कर सकते हैं। इसके पहले सीजेपी *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

नगर सैनिकों को बड़ा तोहफा... 30,870 रुपये होगा कुल मासिक वेतन, प्रस्ताव तैयार

रायपुर। राज्य में कानून-व्यवस्था, अग्निशमन और आपदा प्रबंधन जैसी सेवाओं में तैनात करीब 7,900 नगर सैनिकों के मानदेय में बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके तहत उनका कुल मासिक मानदेय 19,500 रुपये से बढ़ाकर 30,870 रुपये किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश और गृह मंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में तैयार प्रस्ताव से नगर सैनिकों और उनके परिवारों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है।



मूल मानदेय, महंगाई भत्ता और वर्दी धुलाई भत्ता मिलाकर बनेगी नई राशि

प्रस्ताव के अनुसार, नगर सैनिकों को 19,500 रुपये मूल मानदेय, 58 प्रतिशत की दर से 11,310 रुपये महंगाई भत्ता और 60 रुपये वर्दी धुलाई भत्ता मिलेगा। इस तरह कुल राशि 30,870 रुपये प्रतिमाह होगी।

नगर सैनिकों ने जताया आभार

वर्ष 2017 में मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 13,200 रुपये किया गया था। इसके बाद एक अप्रैल 2023 से 6,300 रुपये की वृद्धि कर इसे 19,500 रुपये प्रतिमाह किया गया। अब न्यायालय के निर्देशों, महंगाई और नगर सैनिकों की जिम्मेदारियों को ध्यान में रखकर फिर बढ़ोतरी का प्रस्ताव बनाया गया है।

त्योहारी सीजन में FSSAI का बड़ा एक्शन, 'कॉमप्लेन' और नेस्ले के बेबी प्रोडक्ट्स पर भ्रामक विज्ञापनों को लेकर नोटिस

नई दिल्ली। त्योहारी सीजन में खान-पान और स्वास्थ्य संबंधी उत्पादों की बिक्री काफी बढ़ जाती है। ऐसे में खाद्य पदार्थों की सुरक्षा को लेकर भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (स्वस्थ्य) लगातार कार्रवाई कर रहा है। इस दौरान ग्राहकों को भ्रामक विज्ञापनों और झूठे दावों से बचाने के लिए एफएसएसएआई ने कड़ा रुख अपनाया है। एफएसएसएआई ने खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन और भ्रामक दावों के खिलाफ फूड बिजनेस ऑपरेटर्स को नोटिस जारी किए हैं। इसमें मुख्य रूप से शिशु आहार बेचने वाली कंपनियां शामिल हैं।

'कॉमप्लेन' के दुगुनी ग्रोथ वाले दावों पर सवाल

एफएसएसएआई ने ज़ायडस वेलनेस प्रोडक्ट्स लिमिटेड को उसके प्रोडक्ट 'कॉमप्लेन' के विज्ञापनों पर नोटिस जारी किया है। कंपनी अपने लेबल और विज्ञापनों पर दोगुनी तेजी से ग्रोथ का दावा किया है। इसके अलावा कंपनी एकाग्रता और याददाश्त बढ़ाने में मदद करने का दावा करती है।

कंपनी यह भी कहती है कि उसके इस उत्पाद में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले 34 जरूरी पोषक तत्व शामिल हैं। ऐसे में नियमों का उल्लंघन देखते हुए एफएसएसएआई ने कंपनी से इन दावों का वैज्ञानिक प्रमाण मांगा है। साथ ही पूछा है कि स्वस्थ्य एक्ट 2006 के तहत उन पर कार्रवाई क्यों न की जाए।

नेस्ले के 'लैक्टोजेन प्रो 1' से मांगा वैज्ञानिक सबूत

नेस्ले इंडिया को उसके बेबी प्रोडक्ट 'लैक्टोजेन प्रो 1 पाउडर' की पैकेजिंग और विज्ञापन के लिए नोटिस दिया गया है। प्रोडक्ट पर लिखा गया है कि इसमें वेय प्रोटीन है जो पचाने में आसान होता है। एफएसएसएआई ने नेस्ले से इसका वैज्ञानिक सबूत पेश करने को कहा है कि यह प्रोटीन वाकई में पचाने में आसान कैसे है।

'नायन एक्सीला प्रो' के इम्युनिटी दावों पर कार्रवाई

इसके अलावा नेस्ले के ही दूसरे शिशु आहार %नैन एक्सेला प्रो स्टेज 1% में दावा किया गया है कि यह इम्यून सिस्टम को सही रखने में मदद करते हैं। एफएसएसएआई के मुताबिक, बिना अनुमति किसी बीमारी या शारीरिक स्थिति से बचाव का दावा करना नियमों के खिलाफ है।

CMYK

श्रीमती शारदा तिवारी को 5वां 'राजनांदगांव रत्न' सम्मान, 45 सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की मौजूदगी में हुआ भव्य आयोजन

पं. विनोद गोस्वामी का 'नवरात्रि सेवा संस्कार' पर प्रेरक प्रवचन, पारंपरिक गरबा और विशाल भंडारा संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट एवं माँ बमलेश्वरी देवी पदयात्री संयुक्त सेवा पंडाल के तत्वावधान में आयोजित संस्कार सेवा नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत वरिष्ठ समाजसेवी व धर्मसेवी श्रीमती शारदा तिवारी को 5वें राजनांदगांव रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। श्री बागेश्वर धाम उत्सव भवन हॉल में आयोजित इस गरिमामय समारोह में शहर की 45 प्रमुख सामाजिक, धार्मिक व सेवा संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

उल्लेखनीय है कि संस्कारधानी की बिटिया श्रीमती शारदा तिवारी वर्षों से कस्तूरबा मंडल, लायंस क्लब, लिनेस क्लब, मनोकामना सेवा संस्था सहित कई मंचों के जरिए समाज व धर्म सेवा में सक्रिय हैं। जनप्रतिनिधि के रूप में वे दो बार पार्षद और प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष जैसे दायित्वों का भी कुशलतापूर्वक



निर्वहन कर चुकी हैं। इससे पूर्व यह प्रतिष्ठित सम्मान डॉ. डी.सी. जैन, भागवताचार्य पं. विनोद बिहारी गोस्वामी, अशोक लोहिया और पद्मश्री फूलबासन बाई यादव को प्रदान किया जा चुका है। दीप प्रज्वलन व राज्यगीत से हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन, माता की आरती और श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता द्वारा गाए गए छत्तीसगढ़ राज्यगीत से हुआ। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नारायण कन्नौजे ने श्रीमती शारदा तिवारी का जीवन वृत्त प्रस्तुत किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि भागवताचार्य पं. विनोद गोस्वामी, ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन, राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, समाजसेवी किशन खंडेलवाल, पूर्व बार अध्यक्ष मनोज चौधरी, सकल जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मनोज बैद, डॉ. डी.सी. जैन, अशोक लोहिया, राकेश ठाकुर (शनिधाम), दुष्यंत दास, राकेश इंदुभूषण ठाकुर एवं सोहनलाल गुप्ता द्वारा श्रीमती तिवारी को प्रतीक चिह्न, शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

45 संस्थाओं और समाजों की रही गरिमामयी उपस्थिति

समारोह में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी, कस्तूरबा महिला मंडल, श्री सत्यनारायण मंदिर समिति, जिला अधिवक्ता संघ, बाल रत्न मंच, लायंस क्लब, लिनेस क्लब, शिवनाथ क्षेत्रीय तट समिति, आराधना महिला मंडल, चैंबर ऑफ कॉमर्स महिला विंग, गायत्री दिया मंडल, अभिलाषा, आस्था संस्था, स्वदेशी जागरण समूह, ओ कान्हा मंडल, शनिधाम परिवार, सनातन धर्म सभा, खंडेलवाल, जैन, कान्यकुब्ज, राजपूत, अग्रहरि, कसौधन, वैष्णव, यादव, बंगाली, मराठा, अग्रवाल, लोहाणा व सर्व वैश्य समाज सहित 45 संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

प्रवचन, पारंपरिक गरबा और कन्या भोज

सम्मान समारोह के पूर्व भागवताचार्य पं. विनोद बिहारी गोस्वामी ने नवरात्रि सेवा संस्कार विषय पर सारगर्भित प्रवचन और भजन प्रस्तुत किए। उन्होंने पदयात्रियों की सेवा, धर्म, आचरण व मातृशक्ति की आराधना पर प्रकाश डाला। इसके बाद महिलाओं ने विशुद्ध भारतीय संस्कृति व वेशभूषा में माता के भजनों पर गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन कन्या पूजन, कन्या भोज व विशाल भंडारा प्रसादी वितरण के साथ हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समारोह का सफल संचालन पंकज गुप्ता ने किया। स्वागत भाषण राकेश ठाकुर व सौरभ खंडेलवाल ने दिया, जबकि आभार प्रदर्शन सूरज गुप्ता ने किया। आयोजन को सफल बनाने में भावेश अग्रवाल, मधु खंडेलवाल, प्रज्ञा गुप्ता, महेश शर्मा, अजय गुप्ता, कैलाश चंद्र गुप्ता, गणेश गुप्ता, रामावतार जोशी व विजय गुप्ता सहित सभी सेवादारों का सराहनीय योगदान रहा।

पहला कॉलम...

ईडब्ल्यूएस लागू कराने और यूजीसी के विरोध में भिलाई में जुटेंगे राजपूत करणी सेना के कार्यकर्ता



राजनांदगांव (दावा)। आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लिए ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) से जुड़े प्रावधानों को छत्तीसगढ़ में लागू कराने और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के विवादित प्रावधानों के विरोध में श्री राजपूत करणी सेना ने आंदोलन का ऐलान किया है। 23 अक्टूबर, शुक्रवार को भिलाई के सिविक सेंटर में आयोजित होने वाले स्वर्ण न्याय यात्रा आंदोलन में शामिल होने के लिए राजनांदगांव से भी पदाधिकारी और कार्यकर्ता रवाना होंगे। इसके लिए दोपहर 12 बजे कमला कॉलेज चौक पर एकत्रित होकर भिलाई के लिए प्रस्थान करने की अपील की गई है। श्री राजपूत करणी सेना (कालवी विचारधारा)के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने समाज के लोगों और समर्थकों से आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि ईडब्ल्यूएस से जुड़े प्रावधानों को लागू कराने और यूजीसी के उस प्रावधान के विरोध में आवाज उठाने के लिए एकजुटता जरूरी है, जिस पर फिलहाल सुप्रीम कोर्ट की रोक होने की बात कही जा रही है। संजय बहादुर सिंह ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा। उन्होंने आरक्षण व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मिलने वाले लाभ सुनिश्चित कराने के लिए सरकार पर दबाव बनाना आवश्यक है। उनका कहना है कि यदि लोग अपने अधिकारों के लिए समय रहते आवाज नहीं उठाएंगे तो आने वाली पीढ़ियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

यूजीसी के मुद्दे पर उन्होंने कड़ा विरोध जताते हुए इसे विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा विषय बताया। उन्होंने समर्थकों से अपील की कि किसी भी व्यवस्था में यदि उन्हें अन्याय नजर आता है तो उसके खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाएं। उनके अनुसार, यह आंदोलन केवल किसी एक वर्ग का नहीं, बल्कि शिक्षा और समान अवसरों से जुड़े सवालों पर अपनी बात रखने का प्रयास है। राजपूत करणी सेना ने राजनांदगांव सहित आसपास के क्षेत्रों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों से अधिक से अधिक संख्या में भिलाई पहुंचने की अपील की है। शुक्रवार को कमला कॉलेज चौक से रवाना होने वाली रैली के जरिए संगठन अपनी मांगों और विरोध को आंदोलन स्थल तक पहुंचाएगा।

लखोली के दशहरा महोत्सव में शामिल हुए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह



राजनांदगांव (दावा)। शहर के सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्र लखोली में युवा संगठन के तत्वावधान में विगत 18 वर्षों से अनवरत आयोजित हो रहा दशहरा महोत्सव इस वर्ष भी पारंपरिक उल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव के दौरान आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आकर्षक आतिशबाजी का नजारा देखने लखोली सहित आसपास के क्षेत्रों से भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने की। विशेष अतिथि के रूप में दक्षिण मंडल अध्यक्ष गोलू गुप्ता, सुमीत भाटिया, रोहित चंद्राकर, समाजसेवी सागर चितलांग्या, डॉ. सौरभ मोहबे, वार्ड पार्षद गिरिजा निर्मलकर एवं संतोष साहू मंचस्थ रहे। महोत्सव की शुरुआत मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री रामचंद्र जी की भव्य एवं नयनाभिराम शोभायात्रा के साथ हुई। यह शोभायात्रा लखोली के पांचों वार्डों के प्रमुख मार्गों और गलियों से भ्रमण करते हुए स्थानीय स्कूल मैदान पहुंची, जहां वह मुख्य समारोह में तब्दील हो गई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।





सभी रेलवे स्टेशनों पर आज होगा 'रेल जनसंवाद' कार्यक्रम का आयोजन

रेलवे अधिकारी यात्रियों एवं आमजन से करेंगे सीधा संवाद, सुझावों और शिकायतों के निराकरण पर रहेगा विशेष जोर

डोंगरगढ़(दावा)। रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल में विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत 22 अक्टूबर 2026 को नागपुर मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों पर एक दिवसीय 'पैन इंडिया रेल जनसंवाद' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।इस पहल के माध्यम से रेलवे प्रशासन यात्रियों एवं आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को जानेगा तथा यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।जनसंवाद का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की अपेक्षाओं को समझना, उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रभावी पहल करना तथा रेलवे की सेवाओं को अधिक सुविधाजनक, जवाबदेह एवं यात्री-केंद्रित बनाना है। साथ ही, आमजन की सहभागिता से रेलवे की व्यवस्थाओं को और अधिक उपयोगी बनाना है।

यात्रियों से संवाद कर लिए जाएंगे महत्वपूर्ण सुझाव

कार्यक्रम के दौरान रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारी स्टेशनों पर रेल यात्रियों, युवाओं तथा आम नागरिकों से संवाद करेंगे। इस दौरान यात्री सुविधाओं, स्टेशन परिसर की व्यवस्थाओं, स्वच्छता एवं अन्य रेल सेवाओं से संबंधित अनुभवों, सुझावों और शिकायतों को सुना जाएगा। प्राप्त प्रतिक्रियाओं एवं शिकायतों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत दर्ज कर उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। 'पैन इंडिया रेल जनसंवाद' कार्यक्रम के उपरांत संबंधित रेलवे स्टेशनों एवं रेलवे परिसरों में स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों के माध्यम से स्टेशन परिसर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं यात्री-अनुकूल बनाए रखने के साथ-साथ यात्रियों और आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अभियान में रेल अधिकारियों, कर्मचारियों, यात्रियों एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है । मंडल रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे इस जनसंवाद में सक्रिय भागीदारी निभाएं, अपने बहुमूल्य सुझाव साझा करें तथा रेलवे स्टेशनों को स्वच्छ एवं बेहतर बनाने में सहयोग प्रदान करें। यात्रियों की सहभागिता और सकारात्मक सुझाव रेलवे सेवाओं में निरंतर सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मीडिया प्रतिनिधि एवं पत्रकार बंधुगण को दिया गया आमंत्रण

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा विशेष अभियान 06 पैन इंडिया रेल जन संवाद के अंतर्गत यात्रियों की समस्याओं एवं सुझावों के समाधान तथा रेल सेवाओं में सुधार हेतु जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

शहर में बिना अनुमति लगे होर्डिंग्स, फ्लैक्स व पोस्टर, 10-10 हजार जुर्माना

राजनांदगांव (दावा)। निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत कतिपय विज्ञापन एजेंसियों/ संस्थानों/ व्यक्तियों द्वारा प्रायः इस निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के विज्ञापन हेतु बोर्ड/निजी भवनों के दीवाल एवं छत पर होर्डिंग्स बोर्ड/विद्युत पोलों में छोटे बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं सार्वजनिक शौचालय/फ्लाई ओव्हर के पिल्हरों में अन्य प्रकार का विज्ञापन लगाया जाता है और कई लोगों द्वारा लगाया भी गया है, जो कि छ.ग. विज्ञापन पंजीयन एवं विनियमन उपविधि 2012 की कंडिका 9 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। जी.ई.रोड, फ्लाई ओव्हर के नीचे एवं शहर के विभिन्न स्थानो में बिना निगम की अनुमति के लगभग 10 विज्ञापनकर्ताओ द्वारा अपनी संस्था का विज्ञापन प्रकाशन किया गया है। जिस पर कार्यवाही करते हुए निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम के निर्देश पर प्रभारी अधिकारी ने संबंधितों को नोटिस जारी कर 10-10 हजार रूपये अर्थदण्ड आरोपित किया है।

नगर निगम द्वारा समय समय पर बिना अनुमति बेनर, पोस्टर, होर्डिंग्स लगाने पर नोटिस दिया जाता है, नोटिस उपरांत नही हटाने की स्थिति में जप्ती कर जुर्माना लगाया जाता है। सौदर्यीकरण की दिशा में फ्लाई ओव्हर के नीचे रंगाई पोताई किया गया है उक्त फ्लाई ओव्हर के अलावा निगम सीमाक्षेत्र के प्रमुख मार्गो पर कतिपय लोगो के द्वारा होर्डिंग्स, फ्लैक्स एवं पोस्टर लगाकर विज्ञापन प्रकाशन किया गया है। उन 10 विज्ञापन कर्ताओ को आयुक्त श्री मरकाम के निर्देश पर अवैध रूप से विज्ञापन कर शासकीय संपत्ति का विरूपण करने तथा छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 335 एवं संपत्ति विरूपण अधिनियम के उल्लंघन पर हटाने नोटिस जारी कर 10-10 हजार रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित किया है।

नवरंग गरबा नाइट के अंतिम दिन उमड़ा उत्साह, पारंपरिक गीतों पर जमकर थिरके प्रतिभागी

राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्र के अवसर पर आयोजित नवरंग गरबा नाइट के नौवें और अंतिम दिन भी गरबा का उत्साह चरम पर रहा। मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुए आयोजन में पारंपरिक वेशभूषा में सजे महिला-पुरुषों, युवाओं और बच्चों ने गरबा गीतों पर जमकर नृत्य किया। रंग-बिरंगे परिधानों और गरबा की थाप से पूरा परिसर उत्सवी रंग में रंगा नजर आया। नौ दिनों तक चले आयोजन में गरबा प्रेमियों के लिए प्रवेश और प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क रखा गया था। अंतिम दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव शामिल हुए।



उन्होंने आयोजन की सफलता पर समिति के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपराओं को सहेजने के साथ सामाजिक एकता को मजबूत करने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने नौ दिनों तक गरबा प्रेमियों को निःशुल्क मंच उपलब्ध कराने की पहल की सराहना की। इस अवसर पर पार्षद जैनम बैद, बसंतपुर थाना प्रभारी कौलेश देवांगन सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

गरबा नाइट के अंतिम दिन विभिन्न वर्गों में प्रतियोगिता के अलग-अलग राउंड आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने आकर्षक परिधानों, पारंपरिक गरबा नृत्य और तालबद्ध प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और जोड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में गरबा करने पहुंचे लगभग 40 बच्चों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन का संचालन रागिनी स्वर्णकार ने किया।

नवरंग गरबा नाइट की विशेष पहचान नौ दिनों तक निःशुल्क प्रवेश और गरबा प्रशिक्षण की व्यवस्था रही। आयोजन से जुड़े मार्गदर्शक संतोष यादव और सुरेश यादव के साथ प्रशिक्षक मयंक सोनी, सुप्रिया खोब्रागढ़े और दशरथ वासनिक ने प्रतिभागियों को गरबा की विभिन्न शैलियों का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षकों ने प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका भी निभाई।

आयोजन समिति ने बताया कि भविष्य में भी नवरंग गरबा नाइट के माध्यम से निःशुल्क प्रवेश की परंपरा बनाए रखने का प्रयास किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग गरबा के माध्यम से भारतीय संस्कृति और मां दुर्गा की आराधना से जुड़ सकें।

नवरंग गरबा नाइट समिति के पार्थ गेंद्रे, शशिकांत देवांगन, धनंजय गेंद्रे, चिंटू सोनी, हरीश सोनवानी, शिवशंकर सिंह, दीपक कौशल, शीतल गेंद्रे, पप्पू यादव और अखिलेश यादव सहित अन्य सदस्यों ने आयोजन की सफलता पर अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों के प्रति आभार जताया। समिति के सदस्यों ने कहा कि नौ दिनों तक चले इस आयोजन में हर आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। नवरंग गरबा नाइट ने धार्मिक आस्था के साथ सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

राजनांदगांव में रियासतकालीन परंपरा अनुसार मना विजयादशमी पर्व: कौमी एकता की मिसाल के बीच हुआ मिट्टी के रावण का वध

अटल सैय्यद दरगाह का निशान भी शोभायात्रा में हुआ शामिल; त्रिकालदर्शी रावण की पूजा के बाद हुआ वध, श्रद्धालुओं ने लगाया मिट्टी का तिलक

राजनांदगांव (दावा)। असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का महापर्व विजयादशमी संस्कारधानी राजनांदगांव में अपनी गौरवशाली रियासतकालीन परंपरा और कौमी एकता की अनूठी मिसाल के साथ धूमधाम से मनाया गया। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय



प्रमुख वैभव निर्वाणी, अभिषेक चौबे एवं दुर्गा प्रसाद तिवारी ने संयुक्त रूप से विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने बताया कि राजनांदगांव में वैष्णव रियासत काल से ही नागा साधु-संतों द्वारा मिट्टी के रावण वध की जो अनूठी नींव रखी गई थी, वह परंपरा आज भी पूरी आस्था के साथ निरंतर जारी है।

कौमी एकता का अद्भुत संगम बनी राम जी की पालकी यात्रा

वर्तमान में यह परंपरा रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा ट्रस्ट के तत्वावधान में निभाई जा रही है। दिग्विजय महाविद्यालय परिसर स्थित राधाकृष्ण मंदिर से राजपुरोहित दिलीप दास वैष्णव के मार्गदर्शन में प्रभु श्रीराम की भव्य पालकी पारंपरिक निशानों और हनुमान जी के ध्वज के साथ रवाना हुई। शोभायात्रा के कॉलेज के पास पहुंचने पर अटल सैय्यद दरगाह के खादिमों द्वारा दरगाह का निशान (प्रतीक चिन्ह) लाकर प्रभु श्रीराम की यात्रा में शामिल किया गया। सनातन परंपरा और दरगाह के निशान का यह संगम नगर में आपसी भाईचारे और कौमी एकता की अद्भुत मिसाल बना। उल्लेखनीय है कि मिट्टी के रावण का निर्माण निषाद समाज द्वारा पीढ़ीयों से परंपरागत रूप से किया जाता रहा है।

सोनार पारा में हुआ भव्य स्वागत

नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह प्रभु श्रीराम की पालकी का पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। इसी कड़ी में सोनार पारा स्थित राम जानकी बालाबाबा मंदिर के पास अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी, कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नारायण कन्नौजे, पोटाश, अखिलेश, विवेक निर्वाणी, रूपमति निर्वाणी, नेहा सोनी, रमेश सोनी, गायत्री सोनी, रूपाली निर्वाणी, तनु दुबे, मोहनी निर्वाणी, संस्कृति नामदेव, कैलाश चौरसिया, अनिल नागवंशी, अरुण, नीरज, भास्कर, रवि वैष्णव, दिलीप वैष्णव आदि ने आरती उतारकर और श्रीफल भेंट कर पालकी का भावभीना स्वागत किया।

शुभांक

बी. के.
2-6-8
अनुमानित 135-9 140-5
राजधानी
3-4-7
168-5 677-0

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

कलेक्टर ने ग्राम सुंदरा में विभिन्न विकास कार्यों एवं शासकीय योजनाओं का किया निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज सुबह राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुंदरा पहुंचकर विभिन्न विकास कार्यों एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम में खसरों के भौतिक सत्यापन एवं पॉलिगन निर्माण के लिए किए जा रहे सर्वे कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने किसानों से चर्चा कर सर्वे कार्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित राजस्व अधिकारियों को सर्वे कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम सुंदरा में वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत संचालित कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यस्थल पर उपस्थित श्रमिक श्रीमती चंद्रकला एवं श्रीमती मनीषा से चर्चा कर मजदूरी भुगतान एवं महतारी वंदन योजना के तहत प्राप्त राशि के उपयोग के संबंध में जानकारी ली। श्रमिकों ने बताया कि उन्हें कार्य के लिए प्रतिदिन 300 रूपए मजदूरी प्राप्त होती है। कलेक्टर ने श्रमिकों से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ के संबंध में भी चर्चा की।

कलेक्टर ने ग्राम सुंदरा में निर्माणाधीन सिंथेटिक ट्रैक का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करने तथा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। कलेक्टर ने ग्रामीणों से भी निर्माण कार्य की निगरानी में सहयोग करने तथा गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सजग रहने की अपील की। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दुर्गा प्रसाद अधिकारी उपस्थित थे।

यूथ नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद - नरेश डाकलिया

राजनांदगांव (दावा)। महाराष्ट्र के पुणे में 27 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित होने वाली यूथ नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारियों के लिए राजेश पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, भिलाई में आयोजित प्रशिक्षण शिविर उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। शिविर में खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लक्ष्य के साथ कड़ा अभ्यास किया और अपनी खेल क्षमता को निखारा। प्रशिक्षण शिविर के दौरान खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता, खेल तकनीक, रणनीति और टीम समन्वय पर विशेष ध्यान दिया गया। अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अपनी कमजोरियों को दूर करने तथा खेल के विभिन्न पहलुओं में सुधार के लिए मेहनत की।

दिव्या रंगारी सहित खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

शिविर के समापन अवसर पर बास्केटबॉल से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और खेलप्रेमी उपस्थित रहे। इस दौरान बास्केटबॉल संघ के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर नरेश डाकलिया ने छत्तीसगढ़ की टीम के प्रदर्शन को लेकर विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की टीम में शामिल खिलाड़ी प्रतिभाशाली हैं और बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं। भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली कुमारी दिव्या रंगारी की मौजूदगी भी टीम के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, मेहनत और अनुशासन के दम पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

अनुशासन, अभ्यास और टीम भावना सफलता की कुंजी

समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करने के लिए नियमित अभ्यास, अनुशासन, आत्मविश्वास



और टीम भावना बेहद जरूरी हैं। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ मैदान में उतरकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और प्रदेश का गौरव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर राजीव जैन, नरेश डाकलिया (अध्यक्ष, राजनांदगांव जिला बास्केटबॉल संघ), नरेंद्र बंछोर (अध्यक्ष, बीएसपी बास्केटबॉल क्लब), धीरज गोयल (पूर्व संयुक्त सचिव, छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल संघ), परविंदर सिंह ग्रेवाल (सचिव, बास्केटबॉल क्लब, बीएसपी), साजी थॉमस (अध्यक्ष, दुर्ग नगर निगम), (सचिव नगर निगम राजनांदगांव) नमिताब जैन, योगेश कुमार (सचिव, दुर्ग जिला बास्केटबॉल संघ), शशिकांत पांडेय एवं पंकज पांडेय (सचिव, बेमेतरा जिला) सहित अन्य खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने का लक्ष्य

भिलाई के राजेश पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित यह प्रशिक्षण शिविर खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शारीरिक, तकनीकी और मानसिक रूप से तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुआ। शिविर के दौरान मिले अभ्यास और मार्गदर्शन से खिलाड़ियों को अपने कौशल को बेहतर बनाने तथा टीम के रूप में तालमेल मजबूत करने का अवसर मिला। अब छत्तीसगढ़ की टीम पुणे में आयोजित होने वाली यूथ नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा, मेहनत, अनुशासन और जुझारूपन का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। खेलप्रेमियों को उम्मीद है कि प्रदेश के खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाएंगे।

पुलिस स्मृति दिवस : 154 अमर शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

शहीद परिजनों का सम्मान कर पुलिस ने जताया आभार



कर्तव्यपथ पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों का त्याग सदैव रहेगा, अविस्मरणीय आईजी अजय कुमार यादव, शहीद परिवारों को शॉल व श्रीफल भेंट कर किया गया सम्मानित, अधिकारियों ने लिया जनसेवा और समर्पण का संकल्प

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस स्मृति दिवस के गरिमामय अवसर पर राजनांदगांव पुलिस द्वारा देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और नागरिकों की रक्षा करते हुए कर्तव्यपथ पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले 154 वीर शहीद जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रक्षित केंद्र में आयोजित मुख्य श्रद्धांजलि समारोह में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, जवानों और गणमान्य नागरिकों ने अमर शहीदों को नमन किया।

समारोह में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अजय कुमार यादव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर सपूतों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को याद किया।

शहीद परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शहीद परिवारों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने परिजनों के प्रति गहरी संवेदना, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि पुलिस विभाग सदैव उनके साथ खड़ा है।

जवानों के लिए प्रेरणास्रोत है शहीदों का त्याग

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि शहीदों का यह अद्वितीय त्याग और राष्ट्रसेवा के प्रति निष्ठा पुलिस बल के प्रत्येक जवान के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। उनका बलिदान यह संदेश देता है कि जनसेवा, कर्तव्य और राष्ट्ररक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

राजनांदगांव पुलिस ने संकल्प व्यक्त किया कि शहीदों के आदर्शों पर चलते हुए समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने, जनसेवा और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति विभाग पूरी दृढ़ता से समर्पित रहेगा। कार्यक्रम में जिले के पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, शहीद परिजन तथा नगर के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

पहला कॉलम...

वेसलियन स्कूल में एक दिवसीय मसीही महिला सम्मेलन संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्कूल कैम्पस, राजनांदगांव के तत्वाधान में स्थानीय वेसलियन स्कूल ऑडिटोरियम में एक दिवसीय चतुर्थ मसीही महिला सम्मेलन का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में राजनांदगांव जिले सहित अन्य जिलों की 13 कलीसियाई चर्चों से लगभग 200 महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सम्मेलन में वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड (राजनांदगांव), वेसलियन चर्च भिलाई, मसीह मंदिर चर्च गौरीनगर, मेनोनाइट चर्च राजनांदगांव, वेसलियन चर्च डोंगरगढ़, वेसलियन चर्च डोंगरगांव, वेसलियन चर्च देवरी, स्पिरिचुअल क्रिश्चियन चर्च रायपुर, चर्च ऑफ गॉड, सेंट जॉन द चर्च राजनांदगांव तथा ए.जी. चर्च महादेव नगर सहित अन्य चर्चों की महिला मंडलियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दुर्ग से पधारीं रेव्ह. नीलिमा दानी ने आत्मिक संदेश साझा करते हुए महिलाओं को समाज और परिवार में प्रेरणादायी भूमिका निभाने का आह्वान किया। संदेश सत्र के उपरांत विभिन्न रचनात्मक व बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें गीत-संगीत, तात्कालिक भाषण, बाइबल क्विज और 'बाइबल की झलकियां' जैसी प्रस्तुतियां शामिल रहीं। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका डॉ. मोन अब्राहम, श्रीमती मर्सी अब्राहम, रेव्ह. फ्रांसिस नाग, मोजेस लाल, पास्टर तुरत ग्वाल, जितेंद्र नाग एवं श्रीमती ग्लोरी हेमरोम ने निभाई। आयोजन को सफल बनाने में वेसलियन चर्च स्कूल कैंपस महिला सभा की अध्यक्ष श्रीमती महिमा रंजन, उपाध्यक्ष श्रीमती कीर्ति हेमरोम, सचिव श्रीमती कुमुदिनी डेविड, कोषाध्यक्ष श्रीमती साधना विल्सन, सलाहकारों तथा समस्त महिला सभा सदस्यों का उल्लेखनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन पर वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्कूल कैंपस के पास्टर तुरत ग्वाल ने सभी आमंत्रित महिला सदस्यों, जवान सभा, संडे स्कूल के बच्चों, वेसलियन स्कूल के प्राचार्य अजीत स्कॉट (अंग्रेजी माध्यम) एवं रमन कुमार (हिंदी माध्यम) सहित सभी सहयोगियों का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। उक्त जानकारी महिला सभा की अध्यक्ष श्रीमती महिमा रंजन द्वारा दी गई।

महापौर मधुसूदन यादव दुर्गा पंडालों में माता रानी के दर्शन कर नगरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की



राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर संस्कारधानी में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मां दुर्गा, मॉ काली एवं मां सरस्वती की समितियो द्वारा आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। महापौर मधुसूदन यादव ने शहर के विभिन्न दुर्गा पंडालों मे जाकर माता रानी के दर्शन किए तथा पूजा अर्चनाकर नगरवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने आकर्षक प्रतिमा देख सर्वश्रेष्ठ दुर्गा प्रतिमा को पुरूस्कार देने की भी घोषणा किए। नवरात्रि पर्व के दौरान महापौर श्री यादव ने विभिन्न पंडालों में विराजित मां दुर्गा, मॉ काली एवं मां सरस्वती की सुंदर और अलौकिक प्रतिमाओं की दर्शन कर पूजा अर्चना किए। इस दौरान उन्होंने पण्डालो में विभिन्न स्वरूपो में विराजित मां दुर्गा, मॉ काली एवं मां सरस्वती की प्रतिमा तथा दुर्गोत्सव समितियों द्वारा की गई आकर्षक सजावट, धार्मिक आयोजन और व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में नवरात्र पर्व को लेकर लोगों में विशेष आस्था और उत्साह रहता है। संस्कारधानी में यह पर्व परंपरा, श्रद्धा और सामाजिक एकता के साथ मनाया जाता है। महापौर श्री यादव विभिन्न पण्डालो में विराजित माता की प्रतिमा देख भाव-विभोर होकर समितियो से कहा कि गणेश पर्व के अनुरूप दुर्गा पर्व में भी विभिन्न स्वरूपो में माता की अलोकिक प्रतिमा स्थापित की गयी है। जिसके स्वरूप को देखकर मन आस्था से प्रफुल्लित हो रहा है। उन्होंने प्रतिमाओ के लिए समितियो को पुरूस्कृत करने घोषणा करते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा अगले वर्ष से सर्वश्रेष्ठ दुर्गा प्रतिमा को नगर निगम द्वारा प्रतियोगिता आयोजित कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरूस्कार दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि गणेश पर्व प्रतियोगिता में भी पुरूस्कार राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। गणेश पर्व में अगले वर्ष से बढी हुई पुरूस्कार राशि देने तथा दुर्गा पर्व में भी प्रतिमा के लिए प्रतियोगिता आयोजित करने विभागीय प्रक्रिया कर राशि की घोषणा की जायेगी।

राजनांदगांव में 24 अक्टूबर को मनेगा भव्य विजयादशमी व दशहरा मिलन समारोह : निकलेगी भव्य शोभायात्रा, वीर रस कवि राम भदावर देंगे विशेष प्रस्तुति

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा (पंजी. क्र. 49/2001) के तत्वावधान में आगामी 24 अक्टूबर को भव्य विजयादशमी समारोह एवं दशहरा मिलन सह काव्य-पाठ का आयोजन किया जा रहा है। समाज की आन, बान और शान के प्रतीक इस गरिमामय आयोजन को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली गई है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण देश के सुप्रसिद्ध वीर रस कवि राम भदावर की ओजस्वी काव्य प्रस्तुति होगी।

बग्गी में सजेंगे शस्त्र, शहर में निकलेगी भव्य रैली

तय कार्यक्रम के अनुसार, 24 अक्टूबर को दोपहर 3:00 बजे भाजपा कार्यालय के समीप समाजजनों द्वारा तिलक लगाकर व साफा पहनाकर अतिथियों एवं



प्रतिभागियों का आत्मीय स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात बग्गी में पारंपरिक शस्त्रों को सुसज्जित कर भव्य रैली प्रारंभ होगी। यह शोभायात्रा विधानसभा अध्यक्ष सदन से शुरू होकर लखोली नाका, गंज चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक, गुरुद्वारा चौक और भदौरिया चौक से होते हुए राज इंपीरियल चौक पहुंचेगी। वहां से यू-टर्न लेकर रैली महाराणा प्रताप भवन (न्यू चंद्रा कॉलोनी) पहुंचेगी। रैली में समाज की महिलाएं, युवा, वरिष्ठजन व अतिथि पारंपरिक वेशभूषा में नगाड़ों की थाप पर स्कूटी, बाइक और कारों के काफिले के साथ मार्च करेंगे।

शस्त्र पूजन, मूर्ति अनावरण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

सायं 4:00 बजे महाराणा प्रताप भवन आगमन पर तिलक लगाकर सभी का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद सायं 5:00 बजे पारंपरिक शस्त्र पूजन का विधान संपन्न होगा, जिसके पश्चात स्वागत उद्बोधन व भाषण होंगे। कार्यक्रम के दौरान मूर्ति अनावरण और पुस्तक विमोचन का सत्र भी रखा गया है। सायं 5:30 बजे से सामाजिक सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

कवि राम भदावर की गूंजेगी वीर रस वाणी

समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में सायं 6:30 बजे से भारत के विख्यात वीर रस कवि राम भदावर मंच संभालेंगे और अपनी ओजस्वी वाणी से विशेष काव्य प्रस्तुति देंगे। रात्रि 7:30 बजे धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात रात्रि 8:00 बजे से सामूहिक स्नेह-भोज का आयोजन रखा गया है। छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के अध्यक्ष विष्णु बहादुर सिंह, महासचिव जय नारायण सिंह एवं युवा अध्यक्ष विशाल सिंह परिहार ने समस्त स्वजनों, सामाजिक बंधुओं तथा प्रबुद्ध नागरिकों से इस भव्य समारोह में सपरिवार सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

(21 अक्टूबर 2026 अग्रवाल सभा फोटो-अर्चित अग्रवाल)

अर्चित अग्रवाल का निधन, अंतिम यात्रा में दी भावभीनी श्रद्धांजलि

राजनांदगांव (दावा)। जीवन सूर्या कॉलोनी निवासी राजेंद्र अग्रवाल के सुपुत्र अर्चित अग्रवाल (34 वर्ष) का लंबी बीमारी के बाद रविवार, 18 अक्टूबर की रात्रि 1:30 बजे निधन हो गया। सोमवार को उनके निज निवास से अंतिम यात्रा निकाली गई, जो लखोली मुक्तिधाम पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक बंधुओं, इष्ट-मित्रों एवं पारिवारिक रिश्तेदारों ने शामिल होकर दिवंगत अर्चित अग्रवाल को नम आंखों से अंतिम विदाई दी तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके

हिंदू सेना व गौ-सेवा आर्मी ने निगम के समीप किया चक्काजाम



राजनांदगांव (दावा)। गौरीनगर में गाय काटने व उसे काटकर बेचने का मामला तुल पकड़ते जा रहा है। हांलाकि उक्त घटना में शामिल मुख्य आरोपी सहित डेढ़ दर्जन के करीब लोग पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं और उन्हें न्यायिक हिरासत में भी दिया गया है। इससे बाद भी जनता का आक्रोश कम होने का नाम नहीं ले रहा। अब हिंदू जागरण मंच और गौ-सेवा आर्मी ने भी मोर्चा खोल दिया है। बुधवार 21 अक्टूबर को गौ-सेवा आर्मी के लोगों ने नगर निगम के समीप चक्का जाम कर सीधे इस मामले में सीएम को हस्तक्षेप करने की मांग की है तथा क्षेत्र के विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमनसिंह सहित सांसद संतोष पाण्डे से गाय ऊं राष्ट्र माता दर्जा दिलाने की मांग की है। गौ-सेवा आर्मी द्वारा इसके लिए 15 दिन का टाइम दिया गया है। इसी तरह हिंदू जागरण मंच ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आग्रह किया है और गौरी नगर की घटना को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक निर्देश दिए जाएं। संगठन द्वारा कहा गया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि प्रशासनिक लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करना आवश्यक है। गो-वंश के प्रति आस्था रखने वाले नागरिकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए कानून के दायरे में रहकर प्रभावी कार्रवाई की जानी चाहिए।

गांव में कार्यक्रम देखने गया था परिवार, सूने मकान का ताला तोड़कर 3.5 लाख के जेवर व नकदी पार; खेत से अरहर व मोटर पंप भी चोरी

घुमका थाना क्षेत्र के ग्राम छोटे टेमरी में वारदात, दो अलमारियों के लॉकर तोड़कर नकदी व आभूषण समेट ले गए चोर, ग्राम हरडुआ में खेत के कोठे से पांच कट्टा अरहर व 5 एचपी का मोटर पंप पार, मौके पर छूटी मिली कुल्हाड़ी

घुमका (दावा)। जिले के घुमका थाना क्षेत्र में सूने मकानों और खेतों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले गिरोह की सक्रियता सामने आई है। ग्राम छोटे टेमरी में एक परिवार को गांव में आयोजित कार्यक्रम देखने जाना भारी पड़ गया। चोरों ने सूनेपन का फायदा उठाकर घर व अलमारियों के ताले तोड़कर करीब 3.5 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और 19 हजार रुपये नकद पार कर दिए। वहीं एक अन्य वारदात में ग्राम हरडुआ में खेत स्थित कोठे से अरहर की बोरियां और मोटर पंप चोरी कर लिया गया। घुमका पुलिस ने दोनों मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। कार्यक्रम देखने गया परिवार, आधी रात लौटे तो उड़े होश घुमका पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम छोटे टेमरी निवासी प्रार्थी देवशरण साहू का परिवार रात में गांव में ही आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने गया था। देर रात करीब 12 से 12:30 बजे के बीच जब परिवार के सदस्य घर लौटे, तो मुख्य द्वार और भीतर कमरों के ताले टूटे मिले।

अंदर जाकर देखने पर पता चला कि एक कमरे की अलमारी का लॉकर तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और 4 हजार रुपये नकद गायब थे। वहीं दूसरे कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर भी सोने के जेवर और 15 हजार रुपये नगद निकाल लिए गए थे। पीड़ितों के अनुसार चोरी गए कुल जेवरात और नकदी की अनुमानित कीमत करीब 3 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है।

चोरी की दूसरी घटना घुमका थाना क्षेत्र के ही ग्राम हरडुआ में घटित हुई। दुर्ग जिले के खम्हरिया (भिलाई) निवासी सुहास सुदेश लाल के हरडुआ स्थित खेत में बने मकान (कोठा) का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने पांच कट्टा अरहर और 5 हॉर्स पावर का सिंचाई मोटर पंप चोरी कर लिया।

प्रार्थी जब अगली सुबह 19 अक्टूबर को खेत पहुंचा, तब चोरी की जानकारी हुई। चोर वारदात के दौरान इस्तेमाल की गई एक कुल्हाड़ी मौके पर ही छोड़ गए। इस वारदात में प्रार्थी को करीब 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है और क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर चोरों की धरपकड़ शुरू कर दी है।

डोंगरगढ़ में गैस सिलेंडरों से गैस चोरी का बड़ा खुलासा: रंगे हाथों पकड़े जाने पर वाहन छोड़ भागे कर्मचारी; एसडीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश

० आदर्श नगर भुरवा टोला के सुनसान मैदान में रोजाना सिलेंडरों से खाली टंकियों में निकाली जा रही थी गैस
० एजेंसी संचालक विवेक वासनिक कराएंगे फरार कर्मचारियों पर एफआईआर, बोले- कार्यालय में दर्ज है पूरा रिकॉर्ड



डोंगरगढ़ (दावा)। नगर में रसोई गैस वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बाहर से पेशेवर कर्मचारियों को रखना इंडेन गैस एजेंसी के संचालक विवेक वासनिक को भारी पड़ गया। राजस्थान से आए इन कर्मचारियों ने डिलीवरी में तेजी तो दिखाई, लेकिन वे सिलेंडरों से गैस चोरी कर उपभोक्ताओं के हक पर डाका डालने में लगे थे। मंगलवार को सुनसान मैदान में गैस की अवैध रिफिलिंग करते रंगे हाथों पकड़े जाने पर कर्मचारी सिलेंडरों से भरी गाड़ी मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। मामले की सूचना मिलते ही एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर विभागीय अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आदर्श नगर से आगे भुरवा टोला के मध्य स्थित सुनसान मैदान में प्रतिदिन इंडेन गैस एजेंसी की डिलीवरी गाड़ी खड़ी की जाती थी। वहां कर्मचारी भरे हुए सिलेंडरों से गैस निकालकर खाली टंकियों में ट्रांसफर (कटिंग) करते थे। जब एक प्रत्यक्षदर्शी ने मौके पर पहुंचकर पूछताछ की, तो कर्मचारी पहले धौंस दिखाने लगे। इसके बाद स्थानीय नागरिकों को एकत्र होते देख सभी कर्मचारी गैस से भरी गाड़ी छोड़कर पास स्थित रेलवे पटरी की ओर भाग निकले।

मौके पर पहुंचे एसडीएम, विभागीय जांच शुरू

घटना की जानकारी मिलते ही डोंगरगढ़ एसडीएम तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लेते हुए खाद्य एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक पंचनामा तैयार करने और नियमानुसार कड़ी कानूनी व विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

एजेंसी संचालक दर्ज कराएंगे एफआईआर

मामले में इंडेन गैस एजेंसी के संचालक व वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेक वासनिक ने बताया कि करीब छह माह पूर्व शहरवासियों को निर्बाध व सुचारु आपूर्ति देने के उद्देश्य से इन कर्मचारियों को नियुक्त कर सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए थे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं के साथ की जा रही धोखाधड़ी गंभीर अपराध है। फरार हुए सभी कर्मचारियों का पूरा रिकॉर्ड व पहचान कार्यालय में उपलब्ध है। पुलिस में उनके खिलाफ नामजद प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई जाएगी, ताकि उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जा सके।

अनमोल 'दावा'

मेहनत हमेशा रंग लाती है और आपका सच्चा अधिकार केवल काम करने पर है।

सार्वजनिक परिवहन में शांति बनी रहे, यह सुनिश्चित करना

भारत में सार्वजनिक जगहों पर अक्सर बहुत शोर-शराबा होता है - लगातार बजते हॉर्न, खराब सड़कों पर खड़खड़ाते वाहन, मेगाफोन पर चिल्लाते वेंडर और लाउडस्पीकर पर बजता संगीत। कई शहरों में तो देर रात तक निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाली मशीनें शोर मचाती रहती हैं। यही शोर-शराबा सार्वजनिक परिवहन में भी देखने को मिलता है, जिसमें मेट्रो के डिब्बे और वातानुकूलित ट्रेन या बसें भी शामिल हैं।

इसके जवाब में, बेंगलुरु और चेन्नई मेट्रो रेल ने पहले ही, और अब सदर्न रेलवे ने भी, ऐसे यात्रियों पर जुर्माना लगाने की घोषणा की है जो अपने मोबाइल के लाउडस्पीकर पर संगीत या वीडियो चलाते हैं, जिससे दूसरे यात्रियों को परेशानी होती है। बेंगलुरु की नम्मा मेट्रो और चेन्नई मेट्रो में इसके लिए 2,500 रुपये का जुर्माना तय किया गया है। वहीं, रेलवे 1,000 रुपये का जुर्माना लगाएगा और साथ ही ऐसे लोगों को ट्रेन या रेलवे परिसर से बाहर भी निकाल सकता है।

लेकिन सिर्फ कानून और नियमों से ही व्यवस्था नहीं सुधर सकती। कुछ शहरों में तो बस ड्राइवर भी अपने फोन से तेज आवाज में संगीत बजाते हैं। मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन के बावजूद स्थिति नहीं बदली है; अब यह पूरी तरह से वाहन चालक की अपनी समझ और जिम्मेदारी पर निर्भर है कि वह दूसरों के प्रति सभ्य व्यवहार करे। सार्वजनिक परिवहन में शांति बनाए रखने के नियम का भी शायद यही हाल हो सकता है।

दिलचस्प बात यह है कि यह समस्या सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक है। लंदन में लाउडकास्टिंग (तेज आवाज में कुछ बजाने) पर 100 पाउंड का जुर्माना तय किया गया है। इसमें यात्री अपनी पसंद का मनोरंजन इतनी तेज आवाज में चलाते हैं कि बाकी लोगों को भी उसे सुनने के लिए मजबूर होना पड़ता है। ब्रिटिश नेता एंडी बर्नहम एक अभियान चला रहे हैं, जिसका संदेश है - डिब्बे में जगह साझा करें, शोर नहीं। न्यूयॉर्क में भी मीडिया डिवाइस के इस्तेमाल पर 25 डॉलर का जुर्माना है, लेकिन इसे शायद ही कभी लागू किया जाता है।

सिर्फ हेडफोन का इस्तेमाल करने के नियम को प्रभावी बनाने के लिए यात्रियों को बड़े पैमाने पर चलाए जाने वाले अभियानों के जरिए समझाना होगा कि ट्रेन या बस में शोर मचाना न केवल गैर-कानूनी है, बल्कि असभ्य भी है। जब कई लोग एक साथ तेज आवाज में गाने बजाते हैं, तो इसका उल्टा असर हो सकता है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे भारतीय सड़कों पर लोग खतरे के प्रति आगाह करने के लिए हॉर्न बजाते हैं, लेकिन असल में बाकी लोग भी बिना किसी वजह के हॉर्न बजा रहे होते हैं, जिससे हॉर्न बजाने का कोई मतलब ही नहीं रह जाता।

इस अभियान को छात्रों और युवाओं पर केंद्रित करना ज्यादा फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि वे इस संदेश को लंबे समय तक याद रख सकते हैं। एक और विकल्प यह है कि रेलवे और मेट्रो स्टेशनों, और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी, लोगों को जुर्माने के बारे में चेतावनी देने के लिए सूचना स्क्रीन का इस्तेमाल किया जाए। ट्रेन में पुलिस द्वारा मेगाफोन के ज़रिए की गई सख्त घोषणा भी प्रशासन की गंभीरता को दर्शा सकती है। नियम तोड़ने वाले यात्री पर तुरंत जुर्माना लगाने के बजाय, उसे वहीं पर हेडफोन खरीदने के लिए कहना भी एक विकल्प हो सकता है।

आजकल रेल यात्रा में एक बात जो खास तौर पर दिखती है, वह है दूर-दराज के राज्यों से महानगरों की ओर जाने वाले कम वेतन पाने वाले और कम पढ़े-लिखे मज़दूरों की बड़ी संख्या। बोरियत दूर करने के लिए उनके पास बस एक ही ज़रिया होता है—ज़ोर-ज़ोर से बजने वाली रील्स को लगातार देखते रहना। ऐसे में, क्या वे हेडफोन खरीदने के लिए 100 रुपये और खर्च करेंगे, यह एक बड़ा सवाल है। फिर भी, थोड़ी शांति बनाए रखने की हर कोशिश सार्थक होगी।

सुप्रीम कोर्ट का सम्मान सुनिश्चित हो

(अशोक त्रिपाठी)

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के बाहर मथुरा रोड पर पैदल सड़क पार करने के लिए सुरक्षित रास्ता नहीं होने पर काफी नाराजगी जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में नाराजगी जताते हुए चेतावनी भी दे दी। कोर्ट ने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 25 नवंबर तक इस मामले में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो जज खुद दिल्ली हाई कोर्ट के बाहर धरने पर बैठेंगे। इसके साथ ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाए जाने की मांग करते हुए विपक्षी दलों के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करने का प्रयास किया था। मुख्य न्यायाधीश ने विपक्षी दलों के नेताओं से मिलने से इनकार किया तो शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने विवादास्पद टिप्पणी की थी। इन सब बातों से देश की सबसे बड़ी अदालत क्षुब्ध है। उसके सम्मान की रक्षा होनी चाहिए।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच इस पूरे मामले की सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट आने वाले वकीलों, लोगों और अन्य लोगों को सड़क पार करने में परेशानी होती है। ऐसे में यहां पैदल चलने वालों की सुरक्षा के लिए जरूरी इंतजाम किए जाने चाहिए। जानकारी के अनुसार, इस जगह से कोर्ट आने वाले लोगों और आम जनता की काफी आवाजाही रहती है।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी ने कोर्ट को बताया कि इस मामले को देखने के लिए एक हाईलेवल कमेटी बनाई गई है। कमेटी सड़क पार करने की जगह पर जरूरी इंतजामों पर विचार कर रही है। केंद्र सरकार की इस दलील पर जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि कमेटी बनाने से ही काम पूरा नहीं होगा। इसके लिए जमीन पर ठोस कदम उठाने होंगे। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो कोर्ट दिल्ली के मुख्य सचिव को पेश होने का निर्देश देने पर विचार करेगा। आपको बता दें कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को भी फटकार लगाई थी और परिसर के अंदर नारेबाजी और हंगामे को लेकर नोटिस जारी किया था।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत ने गत दिनों कहा था कि सुप्रीम कोर्ट को राजनीति का अखाड़ा न बनाएं। इसके बावजूद विपक्षी दलों ने सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला। शिवसेना सांसद संजय राउत ने विवादग्रस्त बयान भी दिया। सीजेआई और दूसरे जजों के खिलाफटिप्पणी करने पर उद्धव ठाकरे के सांसद संजय राउत की मुश्किलें बढ़तीं दिख रही हैं। सीजेआई के कड़े रुख के बाद 16अक्टूबर को संजय राउत ने कहा कि वह अपने बयान के लिए माफी मांगते हैं। ध्यान रहे कि सीईसी ज्ञानेश कुमार के मुद्दे पर जब सीजेआई सूर्यकांत ने विपक्षी दलों मिलने से मना किया था तब उन्होंने दावा किया



था कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के 80 जजों को लंदन में राजनीतिक नेताओं के साथ बैडमिंटन खेलते देखा गया था। राउत ने कहा था, श्आप उनसे मिल सकते हैं, उनके साथ खेल सकते हैं, उनके या मुख्यमंत्रियों के साथ लंच या डिनर कर सकते हैं। आप किसी राजनीतिक पार्टी में शामिल होने के लिए अचानक इस्तीफा भी दे सकते हैं। तब आपको सिद्धांतों और कानून की कोई परवाह नहीं होती, लेकिन जब हम लोकतंत्र को बचाने के लिए आपसे मिलना चाहते हैं। तो आप कहते हैं कि आप राजनीतिक नेताओं से नहीं मिलेंगे।श्याचिका में भारत निर्वाचन आयोग के साथ सीईसी ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और चुनाव आयुक्त विवेक जोशी को प्रतिवादी बनाया गया है। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच कर रही है। कोर्ट ने चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली विस्तृत सुनवाई दशहरा अवकाश के बाद 27 अक्टूबर 2026 को तय की गई है।

12 अक्टूबर 2026 को राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे विपक्षी नेताओं (इंडिया ब्लॉक) ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के खिलाफदिल्ली में बाराखंबा रोड से सुप्रीम कोर्ट तक एक बड़ा मार्च निकाला था।भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) ने राजनीतिक विवादों में अदालत को घसीटने को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी और स्पष्ट किया कि मामले को न्यायिक प्रक्रिया के तहत याचिका दाखिल कर आगे बढ़ाया जा सकता है। इस मार्च को लेकर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के कुछ वकीलों ने भी भीड़ के जरिए दबाव बनाने की कोशिश पर सवाल उठाए थे।

एसआईआर और वोट चोरी के साथ चुनाव आयोग के फैसलों में मनमानी को लेकर सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफइंडिया गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। गुरुवार को इस पर पहली सुनवाई भी हुई थी। इस दौरान सीजेआई की बेंच ने संजय राउत के बयान पर कड़ी टिप्पणी की थी। कोर्ट की अवमानना का नोटिस जारी होने के बाद संजय राउत के तेवर ढीले पड़ गए हैं। अब उन्होंने कहा है कि वह माफी मांगत हैं। संजय राउत ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था है। जब न्याय के सभी दरवाजे बंद हो जाते हैं, तब हम सुप्रीम कोर्ट के सामने खड़े होकर न्याय की गुहार लगाते हैं।

इंडिया गठबंधन की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट द्वारा सीजेआई और जजों के खिलाफकी गई टिप्पणी पर स्पष्टीकरण मांगने पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट हमेशा उम्मीद की आखिरी किरण होता है। इस बार भी हमने एसआईआर मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। अगर किसी ने सुप्रीम कोर्ट के बारे में कोई अपमानजनक टिप्पणी की है, तो सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई को उस पर संज्ञान लेने का अधिकार है। अगर मेरे बारे में ऐसी कोई धारणा बनी है, तो मुझे इसका खेद है और मैं इसके लिए सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगता हूं। हमें न्याय चाहिए। जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, उन्हें न्याय मिलना चाहिए।

विपक्ष की याचिका पर पहली सुनवाई में सीजेआई ने कहा था कि संजय राउत को कार्यवाही में केवल अस्थायी तौर पर शामिल होने की अनुमति दे रहे हैं, जब तक कि वे अपने आचरण के बारे में स्पष्टीकरण नहीं दे देते। सीजेआई सूर्यकांत ने गुरुवार की सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा कि याचिकाकर्ताओं में से एक को अपने आचरण के बारे में स्पष्टीकरण देना होगा। सीजेआई ने यह भी कहा कि जज अदालत के बाहर दिए जा रहे बयानों से वाकिफहैं और वे किसी श्हाथीदांत के बुर्जश् (यानी आम दुनिया से कटे हुए) में नहीं रह रहे हैं।

याचिका में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा एसआईआर (एसआईआर) से जुड़े लिये गए फैसलों की फाइल, नोटिंग, बैठकों के मिनट्स और अन्य जरूरी दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग की गई है। वोटर लिस्ट (मतदाता सूची) में नामों की कटौती और बदलावों की एक स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच (ऑडिट) कराए जाने की मांग रखी गई है। याचिका लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने दाखिल कीं है। इसमें मल्लिकार्जुन खरगे, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, संजय राउत, सौगत रॉय, सुप्रिया सुले, डी. राजा, एम. ए. बेबी शामिल हैं। (हिफी)

विचार सरिता

जीवन सूत्रः प्राचीन ग्रंथों से : संदर्भ नये, नेता का काम है सबसे जोखिम वाला

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



सार्वजनिक जीवन में अपना सर्वस्व न्योछावर कर देने वाले लोगों के साथ एक बात सदैव जुड़ी रहती है और वह है उनकी आलोचना। नेतृत्व करना एक कला है और जब यह कला सार्वजनिक जीवन में उतरकर लोगों की सेवा और उनके लिए कल्याण भावना से जुड़ जाती है तो इसकी बराबरी का और दूसरा कोई कार्य हो ही नहीं सकता है। नेतृत्व करने वाले को प्रशंसा कम मिलती है और आलोचना तथा निंदा अधिक सुननी पड़ती है। यह एक कटु सत्य है कि नेतृत्व करने वाला एक बड़े समूह को संचालित करता है और दिशा प्रदान करता है, इसलिए सभी लोग उसके निर्णय से संतुष्ट हो जाएं यह आवश्यक नहीं है। साथ ही उसके निर्णय से सभी लोगों को समान लाभ पहुंचे, यह भी असंभव बात है। अब जो लोग लाभान्वित हो रहे हैं वह भी धन्यवाद देना कई बार भूल जाते हैं और जिन्हें लाभ नहीं पहुंच रहा है, वे तो आलोचना करते ही हैं। कुल मिलाकर नेतृत्व करने का कार्य कांटों पर चलना है और यह कांटों का ताज भी है।

अगर किसी युवक से पूछा जाए कि वह अपने करियर में क्या बनना चाहेगा तो उसका जवाब रहेगा-आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर वैज्ञानिक या कोई अरबपति या ऐसा ही कोई जवाब आपको सुनने को मिलेगा। संभवतः बहुत कम लोग ये कहेंगे कि वे नेता बनना चाहते हैं। वास्तव में आगे बढ़कर जिम्मेदारी संभालना कठिन होता है और उससे भी बढ़कर निंदा और अपयश को सहते हुए काम करते जाना और भी कठिन होता है। लोग स्वयं तो जिम्मेदारी संभालने आगे आते नहीं है और जो सामने आते हैं, उनके कार्यों में कोई न कोई मीन मेख निकालकर उसकी टांग खींचने का प्रयास अधिक करते हैं। अगर नेतृत्व को जीरो प्रॉफिट या मिनिमम प्रॉफिट का ऐसा कार्य कहा जाए, जिसमें जवाबदेही अधिक है, तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। नेतृत्व करने वाले के साथ यह एक कठिनाई और रहती है कि उसका निज समाप्तप्राय हो जाता है, क्योंकि एक अच्छे और लोकप्रिय नेता के निज जीवन और सार्वजनिक जीवन के मध्य की रेखा मिट जाती है। जनता जब चाहे उससे संपर्क करने का प्रयास करती है और नेतृत्वकर्ता को असमय में भी उनकी बात सुननी पड़ती है। नेतृत्वकर्ता पर लोगों की नजरें भी सर्वाधिक होती हैं अर्थात प्रत्येक स्थिति में उसे आदर्श व्यवहार करना होता है। कुल मिलाकर जनसेवा स्वयं में विलक्षण, अनुकरणीय और समाज के लिए त्याग का कार्य है।

स्वामी रामतीर्थ ने कहा है कि वही मनुष्य नेता बनने के योग्य होता है जो अपने सहायकों की मूर्खता, अपने अनुयायियों के विश्वासघात, मानव जाति की कृतघ्नता और जनता की गुण-ग्रहणहीनता की कभी शिकायत नहीं करता।

नेतृत्व करने वाले व्यक्ति को सबको साथ लेकर चलना पड़ता है। तुलसीदास जी के कहे हुए वाक्य ''मुखिया मुख सो चाहिए खान पान को एक'' की तरह स्वयं से संबंधित प्रत्येक व्यक्ति से समान व्यवहार करते हुए उनकी जिम्मेदारियों को पूरा करना होता है।

नेतृत्व का काम अगर केवल आदेश देने और दूसरों पर जिम्मेदारियां थोप देने तक ही सीमित रहा तो फिर सफलता नहीं मिल पाती है। इसीलिए नेतृत्व करने वाले को मार्गदर्शन देने और योजना बनाने में प्रमुख भूमिका निभाने के साथ-साथ स्वयं आगे बढ़ कर जमीनी स्तर पर भी अपना योगदान करना होता है ताकि सहयोगियों में उत्साह और प्रेरणा का संचार हो सके। सच है कि बड़े जो कार्य करते हैं, उनका अनुसरण छोटे करते हैं।

स्रोत श्लोकः-

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने वीर अर्जुन से कहा हैः-
यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरुते
लोकस्तदनुवर्तते।।3/21।।

इसका अर्थ है, हे अर्जुन!श्रेष्ठ पुरुष जैसा आचरण करता है, अन्य लोग भी वैसा ही अनुकरण करते हैं;वह पुरुष अपने कार्यों से जो कुछ स्थापित कर देता है, लोग भी उसका अनुसरण करते हैं।

शब्द सामर्थ्य -196

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहूदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. चरित्र, खुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 195 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व		
प		ति			र	क्ष	क		
र	ह	मा	न						आ
वा			मि	थु	न		दा	स	
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा	
	न				ब	क	वा	स	
औ	र	त		म		त			
ला		बे	च	ना		व	च	न	
द	ह	ला		ना	ग	र		दी	

सामयिक चर्चा

सरकारी काम का ढर्रा

खबर पढ़कर,
बानी बोले - ''सुनिए गजाधर!
मेडिकल कॉलेज अस्पताल का हाल -
घोषणाएं, स्वीकृति और
करोड़ों का बजट फिर भी
मरीजों को पूरी सुविधा नहीं।
फिर अस्पताल में होता है यही -
सीटी स्कैन रात के बंद।
एम.आर.आई. आठ महीने से अटकी,
मरीजों की निजी अस्पतालों की दौड़,
पंद्रह हजार तक बोझ जेब पर!
मैने देखा है,
सरकारी काम में होता ऐसई अक्सर।
इसका कारण क्या है गजाधर?''
गजाधर मुस्कराए बोले -
''सरकारी काम में लेट लतीफी
और अव्यवस्था का यही
कारण है बानी!
आलस्य टरकावी प्रवृत्ति,
और मन में भावना बेईमानी!''
बुधवार 21 अक्टूबर 2026



गिरीश बख्शी

लघुकथा

// यकीन //

''अच्छे से लिपट कर रहो रानी मेरी पीठ से, तो गिर जाओगी।''
''पापा जी, मैं गिर ही नहीं सकती।''
''वो कैसे भला?''
''पता है, मुझे मम्मी ने नौ महीने तक अपने पेट से गिरने नहीं दिया, तो अब आप भला मुझे कैसे गिरने देंगे?''
''ओह! पक्का? इतना यकीन? पर तुम तो अभी मेरी पीठ पर हो। गिर सकती हो।''
''बिल्कुल नहीं ! क्योंकि आप मेरे पापा हो। मुझे पीछे से भी पकड़े हुए हो।''
तभी रानी के हाथ का तनिक ढीले होने का अहसास होते ही पापा ने अपने दोनों हाथ कस कर जमा लिये।
रानी मंद-मंद मुस्कुरा रही थी।



टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''

राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति के अंदर छिपे हुनर को पहचानने में मदद करेंगे। आज आपको करियर में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही लोगों के बीच आपकी प्रशंसा होगी। अगर आप कोई नया व्यापार शुरू करना चाहते हैं तो घरवालों का पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपको कोई ऐसी बात पता लग सकती है, जिससे आपको खुशी महसूस होगी। किसी मित्र की सहायता करेंगे, दोस्ती और मजबूत होगी।

वृष राशि आज किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। आज आप लोगों की बातों पर ध्यान नहीं देंगे। काम पर पूरा फोकस करेंगे, आपको जल्द ही कुछ ऐसे रिजल्ट प्राप्त होंगे जिसकी लोगों को बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी। जो लोग टूर एंड ट्रेवल्स के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन लाभदायक रहने वाला है। आज आपको किसी बड़ी कंपनी से पार्टनरशिप करने का मौका मिलेगा, जिससे आपको ज्यादा से ज्यादा लाभ मिलेगा। जीवनसाथी आज आपसे प्रसन्न रहेंगे।

मिथुन आज का दिन खुशियां देने वाला साबित होगा। बच्चे आज अपनी पढ़ाई का शेड्यूल बदलेंगे, पढ़ने में मन लगा रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा। नौकरी कर रहे लोगों के आज प्रमोशन के योग बन रहे हैं। महिलाओं को आज ऑफिस में वर्कलोड कम रहेगा, जिससे आप अपने काम को समय पर पूरा कर लेंगी। मां दुर्गा का ध्यान करें।

कर्क आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी अनजान व्यक्ति पर ज्यादा भरोसा ना करें। छात्रों को पढ़ाई में आज और ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी, अच्छा रिजल्ट देखने को मिलेगा। जो लोग कपड़े के व्यापार से जुड़े हैं, उनके काम की गति बढ़ेगी। माता महागौरी की कृपा से दांपत्य जीवन में चल रही समस्याएं समाप्त होंगी। आज दूसरों के मामलों में अपनी राय रखने से आपको बचना चाहिए। माता को पुए का भोग लगाएं, कारोबार में आ रही रुकावटें दूर होंगी।

सिंह आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। आज आपको भाग्य का साथ मिलता रहेगा। आज आप खुद को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की योजना बनाएंगे। वकीलों को आज किसी पुराने मुद्दे पर बड़े कानूनी सलाहकार की मदद मिलेगी, साथ ही नए क्लाइंट्स से मुलाकात होगी। जीवनसाथी पर पूरा विश्वास बनाए रखें, रिश्तों में मजबूती आएगी। घुटनों से संबंधित समस्याओं से आज आपको छुटकारा मिलेगा।

कन्या आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज खुद को साबित करने के कई मौके मिलेंगे। ऑफिस में हर कोई आपके कार्यों से प्रभावित होगा। आज आपके पर आपसे मिलने कोई रिश्तेदार आएंगे। आज उनके साथ अलग-अलग व्यंजनों का आनंद उठाएंगे। आज आप जीवनसाथी को कोई ज्वेलरी उपहार देंगे, जिससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस से जुड़ी हैं, उनके लिए आज लाभ के अच्छे योग बन रहे हैं। मां दुर्गा को लाल पुष्प अर्पित करें, लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कुछ जरूरी कार्यों की वजह से आज आपको ऑफिस में देर तक रुकना पड़ेगा। व्यर्थ की भागदौड़ से बचें, अपने समय का सही उपयोग करने से आपको अच्छा फल मिलेगा। आज परिवार का माहौल अच्छा बना रहेगा। आध्यात्मिकता की ओर आपका रुझान हो सकता है। आज उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न होंगे। अगर आप कहीं पैसा निवेश करना चाहते हैं तो आज का दिन अच्छा है।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप छोटी-छोटी बातों में खुशी तलाशने की कोशिश करेंगे। विरोधी आज आपके सामने दोस्ती का हाथ बढ़ाएंगे। इस राशि के बच्चे स्कूल का होमवर्क पूरा करने में किसी की मदद लेंगे। करियर को बेहतर बनाने में आपको गुरु का सहयोग प्राप्त होगा, आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है। घर के बड़े आज आपको बेहतरीन सुझाव देंगे। लवमेट कहीं घूमने जाएंगे।

धनु आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे-संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। दुकानदारों को आज उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। आज आप जिस भी काम में हाथ लगाएंगे, वो जरूर सफल होगा। छात्रों को आज कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा। आज आपको बड़े भाई का सहयोग प्राप्त होगा। कोर्ट संबंधी समस्याओं का समाधान निकलेगा। माता के दर्शन करें, भाई का साथ बना रहेगा।

मकर आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज का दिन कार्यों में सफलता दिलाने वाला होगा। आज आपको ज्यादा भावुक होने से बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपकी बातों को समझने की कोशिश करेंगे। आज बड़े-बुजुर्गों की मदद करने से आपको अच्छा महसूस होगा। रिश्तेदारों में आपकी तारीफ होगी। आज आपको अपनी मनपसंद चीज मिल सकती है। आज आप कठिन परिस्थितियों में भी सटीक फैसले लेंगे। जो लोग सोने-चांदी के व्यापार से जुड़े हैं।

कुंभ आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। धन से जुड़ी चिंताएं छूमंतर हो जाएंगी। साथ ही कहीं रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। आज कार्यक्षमता के बल पर आपको आगे बढ़ने के कई मौके मिलेंगे। आज आप खुद को गर्व से भरा महसूस करेंगे। आपको अपने जीवनसाथी से कोई अच्छी खबर मिलेगी। वेब डिजाइनिंग का काम करने वालों को कोई बड़ा प्रोजेक्ट हाथ लगेगा।

मीन आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक और जीवन के अन्य पक्षों से जुड़ी समस्याओं का हल निकलेगा, कोई दोस्त आपकी मदद करेगा। शाम को आप घरवालों के साथ मिलकर अच्छा समय बिताएंगे। व्यापार के प्रति आज की गई कोशिशें भविष्य में रंग लाएंगी। सेहत के मामले में भी सब कुछ अच्छा रहेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे छात्रों को आज कोई शुभ समाचार मिलेगा।

सू- दोकू क्र. 196

9		8		1		7		
4		6			7		5	
	3			6		8		9
		3			1		6	
5			6			9		
		9		5			3	
3			7		9			1
	5			2		3	9	
1		4			8		7	

नियम
1. कुल 81 खानें है,जिसमें 9खानों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली खानें में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.195 का हल

7	5	6	4	1	2	8	3	9
3	4	8	6	7	9	2	1	5
1	2	9	5	3	8	7	4	6
2	8	1	9	5	6	4	7	3
6	9	7	2	4	3	5	8	1
5	3	4	7	8	1	9	6	2
8	7	2	1	6	5	3	9	4
4	6	5	3	9	7	1	2	8
9	1	3	8	2	4	6	5	7

विजयादशमी पर्व पर आकर्षक आतीशबाजी के साथ किया गया तीस फीट का रावण दहन

दशहरा उत्सव में आकाशीय रंगीन आतिशबाजी, जसगीत झांकी एवं रामलीला रहा आकर्षण का केन्द्र



अंबागढ़ चौकी (दावा)। विजयादशमी पर्व पर नगर में दशहरा उत्सव समिति द्वारा कालेज ग्राउंण्ड में तीस फीट रावण का दहन किया गया। परंपरानुसार प्रति वर्ष की तरह आयोजित दशहरा उत्सव में रंगीन आतिशबाजी, रामलीला व जसगीत झांकी हजारो की संख्या में जुटे नागरिको के लिया आकर्षण का केन्द्र रहा। इस वर्ष नगर में दशहरा उत्सव का केन्द्र कालेज ग्राउंण्ड रहा। एक ही स्थान में दशहरा उत्सव होने के कारण कालेज ग्रांउण्ड में शाम 6 बजे से भीड जुटनी शुरू हो गई थी। सांय 7 बजे से मंच में मोंगरा से आई जसगीत झांकी मंडली ने अपनी प्रस्तुती देनी शुरू की। प्रारंभ में दैवीय आराधना पर्व को ध्यान में रखते हुए दैवीय महिमा की जसगीत झांकी का प्रदर्शन हुआ। इसके बाद भगवान श्री राम की लीलाओं का रामलीला के माध्यम से मंचन हुआ। रावण दहन से पूर्व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी तथा विषेश अतिथि नगर पवटेल दामोदर शर्मा, व्यवसायी मुकेश अग्रवाल व दशहरा उत्सव समिति के पदाधिकारियो ने भगवान श्रीराम व माता सीता एवं भगवान लक्ष्मण व हनुमान की आरती उतार कर पूजा अर्चना की। इसके बाद दषहरा उत्सव समिति द्वारा आंधे घंटे तक कालेज मैदान में रंगारंग आतीशबाजी का प्रदर्शन किया।

एवं इसके बाद भगवान श्रीराम ने दशानन रावण के पुतले का दहन किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के प्रमुख अजय अग्रवाल, राजू ठलाल, पार्षद शंकर निषाद, शमीमुद्दीन कुरैशी, बिटटु रब्बानी, पार्षद विनोद डेहरिया, अविनाश कोमरे, किशोर यादव, लोकदीप बोरकर, राजेन्द्र मंडावी, पेंटर दीपक यादव, हेमंत, सहारू तारम, आकाश कसार, ओमेश दुबे, बाबु दुबे, प्रमोद ठलाल, मंजीत अरोरा, छगन बंजारे, अनिल महोबिया, ईश्वर देशमुख इत्यादि ने उल्लेखनीय योगदान दिया। कार्यक्रम में सभा का संचालन तौशीद रब्बानी एवं आभार ज्ञापन दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने किया।

भगवन श्रीराम के बताए मार्गो पर चलने का आहवान

दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नागरिको को विजयादशमी व नवरात्रि पर्व की बधाई व शुभकामनाए देते हुए जनमानस को भगवान श्रीराम के बताए हुए मार्गो पर चलने का आहवान किया। पूर्व विधायक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा की रावण के प्रतीक के रूप में हम आज भी अपने जीवन से अहंकार, लोभ व माया मोह को त्याग नही पाए है। इसलिए दशहरा पर्व का संदेश ही यह है की हम अपने खुशहाल जीवन के लिए रावण रूपी बुराई व अहंकार को त्याग कर सदैव सत्य और धर्म की मार्ग पर चले।

दशहरा की रात्रि निकाली माता की शोभायात्रा

नगर की प्राचीन परंपरा के अनुसार नगर की सबसे पुरानी दैवीय पंडाल राजबाडा दुर्गोत्सव समिति, हल्बापारा दुर्गोत्सव समिति, सुभाष चौक दुर्गोत्सव समिति, शहीद भगत सिंह वार्ड दुर्गोत्सव समिति एवं शंकर पारा सरस्वती समिति की पंडालो से माता की शोभायात्रा एवं विसर्जन जुलुस अर्द्ध रात्रि निकाला गया। झांकी, धुमाल, डीजे एवं बाजा गाजा के साथ निकाली गई शोभायात्रा एवं विसर्जन जुलुस नगर में आकर्षण का केन्द्र रहा। माता की शोभायात्रा देखने के लिए नगर सहित आस पास के गांवो से हजारो की संख्या में श्रद्धालु नगर में पुरी रात भर जुटे और कार्यक्रमो का आनंद उठाते रहे। इधर नगर में बुधवार को भी नगर के अन्य दुर्गा पंडाल बस स्टैन्ड, पटेलपारा, कुम्हार पारा, परमेष्वरी नगर से माता की शोभायात्रा बाजा गाजा व झांकियो के साथ निकाली गई। दूसरे दिन भी माता की शोभायात्रा नगर में आकर्षण का केन्द्र रहा। विजयादशमी की तरह भी दूसरे दिन भी नगर में हजारो की संख्या में श्रद्धालु जुटे।

बस स्टैन्ड मे रंगतरंग की प्रस्तुती देखने सैकडो दर्शक

विजयादशमी पर्व की रात्रि नगर की 46 वर्ष पुरानी दुर्गा पंडाल बस स्टैन्ड नवदुर्गोत्सव समिति द्वारा आयोजित छग लोक सांस्कृतिक मंच रंगतरंग कार्यक्रम का आनंद उठाने के लिए बस स्टैन्ड मे देर रात से सुबह तक सैकडो की संख्या में भीड जुटी रही। यंहा पर छालीवुड अभिनेत्री लोक कलाकार तारा साहू को देखने एवं सुनने के लिए रातभर दर्शकों की भीड उमडी रही। कार्यक्रम में जिला भाजपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, भाजपा नेता राजेश गुजराती, ज्ञानचन्द्र कुम्भज, देवनारायण कुभकार मंडल महामंत्री चंदन उपाध्याय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष संदीप दुबे, दीनदयाल साहू, शत्रुहन पटेल, शेष यादव, सत्यम आदि ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

डोंगरगांव में बढ़ती रावणों की संख्या पर प्रबुद्ध वर्ग ने जताई चिंता-एक ही स्थल पर दहन कराने की मांग

देर रात तक आयोजन होने से बच्चे व बुजुर्ग वंचित, प्राचीन रीति-रिवाज छूटे पीछे

परंपरा पर हावी हुआ मनोरंजन

डोंगरगांव (दावा) नगर में हर वर्ष धार्मिक आस्था और मर्यादा के साथ मनाए जाने वाले विजयादशमी पर्व पर अब परंपराओं के बजाय औपचारिकता और मनोरंजन हावी होता दिखाई दे रहा है। इस वर्ष नगर में रावण दहन स्थलों की संख्या बढक़र तीन हो गई, जिसे लेकर स्थानीय बुद्धिजीवियों और वरिष्ठ नागरिकों ने गहरी चिंता व्यक्त की है। नागरिकों का कहना है कि रावण दहन का मूल उद्देश्य अहंकार, ईर्ष्या और सामाजिक बुराइयों का अंत करना है, लेकिन व्यवस्थागत बदलावों के चलते यह आयोजन केवल शक्ति प्रदर्शन और मनोरंजन तक सीमित होता जा रहा है। शहर में तीन स्थलों पर हो रहे रावण दहन को लेकर सोशल मिडिया और अन्य माध्यमों से स्थानीय नागरिकों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और खंडित आयोजनों को अनुचित बताया है।



एक ही स्थान पर हो आयोजन, प्रशासन को भी होगी सहूलियत

डोंगरगांव भले ही नगर पंचायत से अब नगर पालिका बन चुका है, लेकिन आबादी के अनुपात में तीन अलग-अलग स्थानों पर रावण दहन का औचित्य समझ से परे है। नगरवासियों का मानना है कि खंडित आयोजनों से शासन-प्रशासन के सामने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती खड़ी होती है। यदि पूरे नगर का एक ही मुख्य मंच पर भव्य आयोजन हो, तो प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी सुगम होंगी और नगर की एकता भी प्रदर्शित होगी।

धार्मिक मर्यादा पर असर- एक साथ तीन स्थलों पर डोला पहुंचना असंभव

परंपरा के अनुसार रावण दहन से पूर्व पुराने थाने के पास स्थित ऐतिहासिक राधाकृष्ण मंदिर से भगवान का डोला नगर भ्रमण पर निकलता है। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालु आरती व पूजन करते हैं, नगर में तीन अलग-अलग दहन स्थल होने के कारण एक ही दिन भगवान के डोले का सभी स्थलों पर पहुंचना संभव नहीं है। देर रात तक आयोजन खिंचने के कारण डोला भी अत्यधिक विलंब से विश्राम स्थल तक लौट पाता है, जिससे धार्मिक मर्यादा प्रभावित हो रही है।

विजयादशमी पर वर्षों पूर्व रामलीला मंचन और गोधूलि बेला में रावण वध की गौरवशाली परंपरा थी। युद्ध के बाद रणभूमि की मिट्टी से तिलक लगाने और बड़े-बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेने का विशेष महत्व था। अब रामलीला मंचन को दरकिनार कर केवल ऑर्केस्ट्रा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जा रही है।

आधी रात तक कार्यक्रम खिंचने के कारण छोटे बच्चे और बुजुर्ग रावण वध और रामलीला के प्रेरक दृश्यों को देखने से वंचित रह जाते हैं। प्रबुद्ध नागरिकों ने अपील की है कि लाखों रुपये खर्च कर आयोजित होने वाले इस पर्व को केवल एक औपचारिकता न बनाया जाए, बल्कि इसे समाज और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक सीख के रूप में प्रस्तुत किया जाए।

पुलिस स्मृति दिवस : मोहला में 154 वीर शहीद जवानों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि, शोक शस्त्र के साथ दी गई सलामी



मोहला (दावा)। कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों के सम्मान में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर रक्षित केंद्र मोहला स्थित अमर जवान शहीद स्मारक ग्राउंड में गरिमामय श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान देशभर में कर्तव्य निर्वहन के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले 154 वीर पुलिस जवानों को ससम्मान याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) वाय.पी. सिंह ने देश के विभिन्न राज्यों व बलों में शहीद हुए 154 अमर जवानों के नामों का वाचन किया। इसके पश्चात पुलिस बल के जवानों द्वारा शोक शस्त्र के साथ अनुशासित शहीद परेड कर सलामी दी गई। उपस्थित सभी अधिकारियों, जवानों और नागरिकों ने दो मिनट का मौन रखकर वीर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। समारोह में जिला कलेक्टर श्रीमती तनुजा सलाम, एसएसपी वाय.पी. सिंह सहित जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। वक्ताओं ने शहीद जवानों के अदम्य साहस, शौर्य, त्याग और राष्ट्र सेवा के प्रति उनके समर्पण को स्मरण करते हुए कहा कि शहीदों का बलिदान सदैव समाज और सुरक्षा बलों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

औपचारिक समारोह के उपरांत कलेक्टर श्रीमती तनुजा सलाम और एसएसपी श्री सिंह ने उपस्थित शहीद परिवारों के सदस्यों से आत्मीय मुलाकात की। अधिकारियों ने परिजनों का कुशलक्षेम पूछा और उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन और पुलिस विभाग सदैव शहीद परिवारों के साथ खड़ा है तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी पुलिस परिवार ने इस अवसर पर अमर शहीदों के पदचिह्नों पर चलने, उनकी कर्तव्यनिष्ठा को आत्मसात करने और राष्ट्र की सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

खैरागढ़ में 3.04 करोड़ से आकार ले रहा नया सर्किट हाउस, शासकीय आतिथ्य सुविधाओं का होगा विस्तार

नींव का काम पूरा, प्लिंथ निर्माण तेजी पर; मार्च 2027 तक तैयार होने का लक्ष्य, जिला मुख्यालय में निरीक्षण व बैठकों के लिए आने वाले, अधिकारियों-अतिथियों को मिलेगी सुव्यवस्थित ठहराव की सुविधा



खैरागढ़ (दावा)। नवगठित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला मुख्यालय में प्रशासनिक अधोसंरचना को सशक्त करने और शासकीय आतिथ्य सुविधाओं को उन्नत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। यहां 3 करोड़ 4 लाख 27 हजार रुपये की लागत से अत्याधुनिक नवीन सर्किट हाउस का निर्माण कराया जा रहा है। परियोजना के तहत भवन की नींव का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है और वर्तमान में प्लिंथ निर्माण का कार्य प्रगति पर है। लोक निर्माण विभाग के प्रगति विवरण के अनुसार, निर्माण कार्य मार्च 2027 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

प्रशासनिक जानकारी के अनुसार, सर्किट हाउस निर्माण के लिए 8 सितंबर 2025 को प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी। इसके बाद निर्माण एजेंसी मेसर्स जैन कंस्ट्रक्शन (बालोद) को 24 जून 2026 को औपचारिक कार्यादेश जारी किया गया। अनुबंध की शर्तों के तहत कार्य पूरा करने के लिए 9 माह की समयसीमा तय की गई है, जिसकी अंतिम तिथि 24 मार्च 2027 निर्धारित है। भवन निर्माण के सबसे अहम पड़ाव--नींव का काम पूरा होने के बाद अब प्लिंथ लेवल का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। तकनीकी जानकारों के अनुसार, किसी भी संरचना की मजबूती का मुख्य आधार उसकी नींव और प्लिंथ ही होते हैं। इस चरण के पूर्ण होते ही दीवारों और ऊपरी ढांचे के निर्माण के साथ सर्किट हाउस का भव्य स्वरूप स्पष्ट रूप से दिखने लगेगा। जिला मुख्यालय का दर्जा मिलने के बाद खैरागढ़ में विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों, विकास कार्यों की समीक्षा बैठकों तथा नियमित निरीक्षणों के सिलसिले में शासन-प्रशासन के उच्चाधिकारियों और विशिष्ट अतिथियों का लगातार आगमन होता रहता है। ऐसे में एक सर्वसुविधायुक्त शासकीय विश्राम भवन की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नवीन सर्किट हाउस के अस्तित्व में आने से न केवल शासकीय प्रवास पर आने वाले अतिथियों के लिए बेहतर आवासीय व्यवस्था उपलब्ध होगी, बल्कि जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली और आयोजनों को भी गति मिलेगी।

गैंदाटोला पंचायत भवन में शराब की खाली बोतलें मिलने से मचा हड़कंप

गैंदाटोला में खुली पंचायत व्यवस्था की पोल, निरीक्षण में खुला मिला भवन और पसरी मिली गंदगी, जनपद सीईओ के निर्देश पर पहुंची अधिकारियों की टीम; सरपंच-सचिव को कारण बताओ नोटिस, थाने में भी दी गई सूचना

छुरिया (दावा)। ग्राम पंचायत गैंदाटोला के पंचायत भवन में शराब की खाली बोतलें मिलने और परिसर में गंदगी पाए जाने का मामला सामने आया है। जिस पंचायत भवन में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए, वहां टेबल पर शराब की खाली बोतलें और आसपास गंदगी नजर आई। इस घटनाक्रम ने पंचायत की कार्यप्रणाली, साफ-सफाई और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर पंचायत भवन की देखरेख की जिम्मेदारी किसकी है? मामले को लेकर जनपद पंचायत छुरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों की टीम ग्राम पंचायत गैंदाटोला पहुंची। मौके पर पंचायत भवन खुला मिला, लेकिन सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक अनुपस्थित थे। पंचायत भवन परिसर में साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिली। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया।

निरीक्षण के दौरान जिम्मेदारों के मौके पर नहीं मिलने पर अधिकारियों ने उन्हें बुलाया। इसके बाद सरपंच और रोजगार सहायक आनन-फानन में पंचायत भवन पहुंचे। इस घटनाक्रम ने पंचायत भवन की देखरेख और जिम्मेदारों की जवाबदेही को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।



शराब की बोतलें किसने रखीं? जांच में सामने आएगी सच्चाई

पंचायत भवन परिसर में शराब की खाली बोतलें आखिर कैसे पहुंचीं? भवन खुला मिलने और साफ-सफाई की स्थिति खराब होने के लिए कौन जिम्मेदार है? क्या पंचायत भवन की नियमित निगरानी की जा रही थी? ये ऐसे सवाल हैं, जिनका जवाब जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पंचनामा तैयार, थाने में सूचना और सरपंच-सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी होने के बाद अब देखना होगा कि जांच में क्या सामने आता है और जिम्मेदारी किसकी तय होती है। फिलहाल इस मामले में जनपद पंचायत प्रशासन की अगली कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी छुरिया होरी लाल साहू ने बताया कि इस मामले में पंचनामा लेकर आए हैं और थाने में भी सूचना दे दी गई है। सरपंच और सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

शासकीय स्कूल में चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाशः तीन आरोपी गिरफ्तार, रु.2.50 लाख का मशरूका बरामद

मोहगांव पुलिस की त्वरित कार्रवाई; मध्यप्रदेश के सिवनी और गंडई क्षेत्र के युवक चढ़े हत्थे

गंडई-पंडरिया (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के अंतर्गत मोहगांव थाना पुलिस ने शासकीय शिक्षण संस्थान को निशाना बनाकर चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करने में सफलता हासिल की है। ग्राम अचानकपुर स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गई करीब 2 लाख 50 हजार रुपये मूल्य की सामग्री बरामद कर ली गई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम अचानकपुर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में 1 अक्टूबर 2026 को चोरी की वारदात सामने आई थी। अज्ञात चोरों ने स्कूल के कमरों का ताला तोड़कर शैक्षणिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, बर्तन और अन्य उपयोगी सामान पार कर दिए थे। शिकायत पर थाना मोहगांव में अपराध क्रमांक 23/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4), 305(3) व अन्य धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई थी।



जांच के दौरान पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेहियों की पहचान की और 20 अक्टूबर को घेराबंदी कर तीन आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों में रोनक कुमार उर्फ शिव (19 वर्ष, निवासी ग्राम थावरी, थाना धनोरा, जिला सिवनी, मध्यप्रदेश) तथा स्थानीय थाना गंडई क्षेत्र निवासी लोचन पटेल उर्फ बाउज (23 वर्ष) और अरुण गोसाई (22 वर्ष) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे व निशानदेही से शैक्षणिक सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बर्तन सहित चोरी का समस्त सामान बरामद किया, जिसका कुल अनुमानित मूल्य लगभग 2.50 लाख रुपये आंका गया है। घटना में प्रयुक्त वाहन व अन्य विवरणों का सत्यापन भी पुलिस द्वारा किया जा रहा है। शासकीय स्कूल में हुई चोरी का चंद दिनों में खुलासा कर आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजने में मोहगांव पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में काफी सराहा जा रहा है। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

पहला कॉलम...

मंजीत ने जेवलिन थ्रो एफ13 कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता, खेल मंत्री ने दी बधाई

नागोया ,21 अक्टूबर ,। भारतीय पैरा-एथलीट मंजीत व्यास ने बुधवार को आइची-नागोया 2026 एशियन पैरा गेम्स में पुरुषों की जेवलिन थ्रो एफ13 में सिल्वर मेडल जीतकर अपने करियर का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने 61.03 मीटर का पर्सनल बेस्ट रिकॉर्ड बनाया। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंजीत को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, ÷एशियाई पैरा गेम्स 2026 में पुरुषों की जैवलिन थ्रो एफ12/एफ13 में सिल्वर मेडल जीतने पर मंजीत को बधाई।÷ कंबाइंड एफ12/13 इवेंट में हिस्सा लेते हुए, मंजीत ने अपनी दूसरी कोशिश में अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। उनका थ्रो एफ13 कैटेगरी में पोडियम फिनिश दिलाने में अहम साबित हुआ, जिससे भारतीय एथलीट ने कॉन्टिनेंटल स्टेज पर एक और बड़ा मेडल जीतकर एक अच्छा सीजन खत्म किया।

यह सिल्वर मेडल 2026 में मंजीत के शानदार नतीजों की लिस्ट में शामिल है। उन्होंने इससे पहले दिल्ली में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री और बेंगलुरु में इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, दोनों में पुरुषों की एफ13 जेवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीता था। उन्होंने एशियन पैरा गेम्स क्वालीफायर में 59.08 मीटर के थ्रो के साथ पोडियम पर भी टॉप किया, जिससे कॉन्टिनेंटल कॉम्पिटिशन में उनके कैपेन के लिए स्टेज तैयार हो गया।

सोने-चांदी में 1 प्रतिशत तक की गिरावट

नई दिल्ली । मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव, मजबूत डॉलर, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर बढ़ोतरी की आशंका से सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान, वैश्विक बाजार से लेकर घरेलू कमोडिटी बाजार तक दोनों कीमती धातुएं दबाव में नजर आईं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स पर बुधवार को सोने और चांदी दोनों में गिरावट देखी गई। खबर लिखे जाने तक सोना 0.23 प्रतिशत कमजोर होकर 4,133 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता नजर आया। वहीं चांदी 1.03 प्रतिशत फिसलकर 57.405 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर ट्रेड कर रही थी।

वहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजार की कमजोरी का असर भारतीय बाजार पर भी दिखाई दिया। घरेलू बाजार में सोना गिरकर 1.46 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता नजर आया, तो वहीं चांदी 2.09 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दिसंबर डिलीवरी वाला सोना खबर लिखे जाने तक करीब 519 रुपए या 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,46,000 प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता नजर आया। दिन के कारोबार में सोना अपने पिछले बंद 1,46,519 रुपए से 0.13 प्रतिशत टूटकर 1,46,328 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला, लेकिन बाद में यह 830 रुपए यानी 0.56 प्रतिशत फिसलकर 1,45,689 रुपए प्रति 10 ग्राम के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया।

मेरठ में 200 करोड़ के निवेश से स्थापित होगी क्रिटिकल मिनरल और रेयर अर्थ रिफाइनरी

लखनऊ। मेरठ की डीप टेक स्टार्टअप सर्कुलॉजी क्लींटेक प्राइवेट लिमिटेड ने प्रदेश में करीब 200 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। कंपनी ने इन्वेस्ट यूपी के साथ मेरठ में लिथियम-आयन बैटरी और रेयर अर्थ रिफाइनरी स्थापित करने के लिए एमओयू साइन किया है। इस परियोजना से करीब 300 लोगों को प्रत्यक्ष और 1,000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

यूपी स्टार्टअप मिशन के सीईओ सुमित महाजन ने बताया कि योगी सरकार स्थानीय उद्यमियों, स्टार्टअप और तकनीक आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करने पर जोर दे रही है। इसी दिशा में यूपी स्टार्टअप मिशन के माध्यम से प्रदेश में नए विचारों को व्यावसायिक परियोजनाओं में बदलने और स्टार्टअप को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। मेरठ में प्रस्तावित परियोजना भी प्रदेश के स्थानीय स्टार्टअप को बड़े औद्योगिक निवेश से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नई तकनीक पर आधारित उद्योगों के विकास को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि सर्कुलॉजी की रिफाइनरी चरणबद्ध तरीके से विकसित की जाएगी। पूरी क्षमता पर पहुंचने के बाद इसमें हर साल 10,000 टन सामग्री के प्रसंस्करण की योजना है। रिफाइनरी में इस्तेमाल हो चुकी लिथियम-आयन बैटरियों से लिथियम, कोबाल्ट और निकेल जैसे महत्वपूर्ण खनिजों को पुनः प्राप्त किया जाएगा। इसके अलावा, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, हार्ड ड्राइव और इलेक्ट्रिक वाहनों की मोटरों में इस्तेमाल होने वाले पुराने स्थायी चुंबकों से नियोडिमियम, डिस्प्रोसियम और टर्बियम जैसे रेयर अर्थ तत्वों को भी निकाला जाएगा। इन खनिजों का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा क्षेत्र में होता है। इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी से लेकर आधुनिक तकनीकी उपकरणों और ऊर्जा उत्पादन से जुड़े संयंत्रों तक, इनकी अहम भूमिका है।

एशियन पैरा गेम्स : अनुभव और राकेशभाई ने 100 मीटर दौड़ में जीते ब्रॉन्ज मेडल



नागोया। एशियन पैरा गेम्स 2026 में बुधवार को भारत के पैरा-एथलेटिक्स दल के लिए एक और शानदार दिन रहा। अनुभव चौधरी और राकेशभाई भट्ट ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ स्पर्धा के अपने-अपने फाइनल में ब्रॉन्ज मेडल जीते। चौधरी ने टी35 कैटेगरी में 12.72 सेकंड का अपना अब तक का सबसे बेहतरीन समय (पर्सनल-बेस्ट) निकालते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, भट्ट ने टी37 इवेंट में 11.50 सेकंड के अपने पर्सनल-बेस्ट समय के साथ पोडियम पर जगह बनाई। इन प्रदर्शनों के साथ, एशियन पैरा गेम्स में ट्रैक इवेंट्स में भारत के मेडलों की कुल संख्या 9 हो गई है, जिनमें गोल्ड मेडल भी शामिल हैं। पुरुषों की 100 मीटर टी35 फाइनल में ईरान के अलीरेजा जारे ने 12.32 सेकंड के गेम्स रिकॉर्ड समय के साथ गोल्ड मेडल जीता। इराक के इदरीस अल-जैदी ने 12.69 सेकंड का समय लेकर सिल्वर मेडल हासिल किया, जो उनका भी अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन था। इसके बाद चौधरी तीसरे स्थान पर रहे।

उत्तर प्रदेश के मेरठ के पास स्थित छुर गांव के इस एथलीट के लिए यह ब्रॉन्ज मेडल एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कम उम्र से ही निजी चुनौतियों का सामना करने वाले अनुभव ने कोच गौरव त्यागी के मार्गदर्शन में अपनी स्प्रिंटिंग (दौड़ने) की क्षमता को निखारा। इसके बाद वह दिल्ली आ गए, जहां अब वे राहुल पंवार की देखरेख में ट्रेनिंग ले रहे हैं। इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करना, उनके खेल करियर की एक बड़ी उपलब्धि है। भट्ट ने भी पुरुषों की 100 मीटर टी37 फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन किया। सऊदी अरब के अली अलनाखली ने 11.31 सेकंड के %गेम्स रिकॉर्ड% के साथ गोल्ड मेडल जीता, जबकि इंडोनेशिया के सैप्टोयोगो पूर्णोमो ने 11.35 सेकंड के सीजन-बेस्ट समय के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया। भट्ट ने 11.50 सेकंड का समय निकालकर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। गुजरात के रहने वाले और भावनगर जिले के मोती बाबारियात गांव से ताल्लुक रखने वाले इस स्प्रिंटर ने भारत के प्रमुख पैरा-एथलीटों के बीच अपनी एक खास जगह बना ली है।

पावरलिफ्टिंग में कस्तूरी राजामणि ने जीता सिल्वर



नागोया। एशियन पैरा गेम्स 2026 में बुधवार को भारत के पावरलिफ्टिंग अभियान को एक और बड़ी सफलता मिली। कस्तूरी राजामणि ने महिलाओं के 67 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने अपने आखिरी प्रयास में 108 किलो का भार उठाते हुए मेडल पर कब्जा जमाया। तमिलनाडु की रहने वाली 42 वर्षीय कस्तूरी राजामणि, उज्बेकिस्तान की रुखशोना उक्तामोवा के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। उक्तामोवा ने 127 किलो का भार उठाकर गोल्ड मेडल जीता। साउथ कोरिया की किम ह्योंगहुई ने 107 किलोग्राम का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हुए ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। राजामणि ने प्रतियोगिता के दौरान लगातार बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने पहले प्रयास में 103 किलो का भार उठाया। इसके बाद दूसरे प्रयास में वह 106 किलो का वजन उठाने में सफल रहीं। अपने आखिरी प्रयास में उन्होंने 108 किलो का वजन सफलतापूर्वक उठाया, जिससे उन्हें मेडल विजेताओं की सूची में जगह मिली।

पाकिस्तान ने 2-4 मैच क्या जीते, हवा में उड़ने लगे शोएब अख्तर!



नई दिल्ली। त्रिकोणीय वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान ने इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम को 87 रनों के बड़े अंतर से धूल चटाकर सीरीज में अपनी लगातार दूसरी धमाकेदार जीत दर्ज कर ली है. इससे पहले श्रीलंका को पटखनी देने वाली पाकिस्तानी टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 302 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया.

इसके बाद पाकिस्तान ने गेंदबाजी के दम पर पूरी इंग्लैंड की टीम को महज 38.4 ओवरों में ही 215 रनों पर ढेर कर दिया. इस शानदार जीत के बाद पाकिस्तान के पूर्व दिग्गजों का दिमाग फिर से सातवें आसमान पर पहुंच गया है. हाल ही में एक पाकिस्तानी टीवी चैनल के क्रिकेट शो में पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने पीसीबी की तारीफों के कसीदे पढ़ने का काम किया. ये वहीं शोएब अख्तर हैं जो कुछ समय पहले तक लगातार पीसीबी पर हमला बोल रहे थे.

शो में अख्तर ने कहा कि पीसीबी ने अब एक नए माइंडसेट के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है. अख्तर के मुताबिक उन्हें वहां कई खिलाड़ी मिले. 161.3 चद्व/श्चद्ध की रफ्तार वाले तेज गेंदबाज भी अख्तर से मिले. अख्तर ने बताया कि उन्होंने उन लड़कों से हंसकर कहा कि बेटा मेरा रिकॉर्ड भले तोड़ देना, लेकिन अपना जिस्म मत तोड़ बैठना. हद तो तब हो गई जब अपनी ही बोर्ड की तारीफ करने के चक्कर में अख्तर ने पिछले 15 सालों के पाकिस्तानी क्रिकेटरों की सरेआम इज्जत उतार दी.

टाइगर शिकार नहीं छोड़ता..., हैट्रिक मैन बन गया दिल्ली कैपिटल्स का स्पिन कोच



नई दिल्ली।दिल्ली कैपिटल्स ने अमित मिश्रा के कोच बनने पर एक वीडियो शेयर किया है. इसमें मिश्रा दिल्ली के साथ अपने पुराने जुड़ाव को याद करते नजर आ रहे हैं. उन्होंने कहा कि दिल्ली के साथ उनका पहला सीजन बतौर खिलाड़ी था और अब बतौर कोच भी उनका पहला सीजन इसी टीम के साथ होगा. वीडियो में मिश्रा कहते हैं, टाइगर कभी अपने शिकार को छोड़ता नहीं है और दिल्ली उनकी धड़कन है. अमित मिश्रा 2008 से लेकर 2024 के बीच आईपीएल खेले थे. वहीं भारत के लिए डेब्यू साल 2003 में सौरव गांगुली की कप्तानी में हुआ था.

दिल्ली कैपिटल्स ने इस बार सौरव गांगुली को हेड कोच बनाया है, जबकि युवराज सिंह असिस्टेंट कोच और बल्लेबाजी कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे. टीम ने तेज गेंदबाजी कोच के तौर पर चामिंडा वास को भी पेश किया है.

मिश्रा ने ट्वेन्टी में 162 मैच खेले और 174 विकेट हासिल किए. उन्होंने 2008 में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ, 2011 में डेक्कन चार्जर्स के लिए किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ और 2013 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए पुणे वॉरियर्स के खिलाफ हैट्रिक ली थी. अमित मिश्रा ने 4 सितंबर 2025 को क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान किया था. वह लंबे समय तक अपनी विविधतापूर्ण गेंदबाजी और शानदार कंट्रोल के लिए जाने गए. ट्वेन्टी में उनके नाम तीन हैट्रिक दर्ज हैं. वह इस टूर्नामेंट में तीन हैट्रिक लेने वाले इकलौते गेंदबाज हैं. 43 साल के अमित मिश्रा ने भारत के लिए 22 टेस्ट, 36 वनडे और 10 टी20

आईसीसी ने मेगा इवेंट के लिए शेड्यूल का किया एलान पहली बार नेपाल को आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप 2027 के शेड्यूल की घोषणा कर दी है। ये टूर्नामेंट बांग्लादेश और नेपाल की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। ये पहला मौका है, जब नेपाल में कोई आईसीसी का टूर्नामेंट खेला जाएगा। इससे पहले नेपाल में एशियाई स्तर के कई टूर्नामेंट खेले जा चुके हैं।

अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप का ये तीसरा संस्करण है और भारतीय टीम डिफेंडिंग चैंपियन है। विश्व कप की शुरुआत 21 जनवरी को होगी, जबकि फाइनल मुकाबला 6 फरवरी को खेला जाएगा। अगर फाइनल मैच में बारिश खलल डालती है, तो इसके लिए अगले दिन यानी सात फरवरी को रिजर्व डे रखा गया है। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें चार ग्रुप में बांटा गया है।

भारत ने अब तक खेले गए दोनों एडिशन में जीत हासिल की है। 2025 संस्करण को निकी प्रसाद की कप्तानी में भारतीय महिला अंडर-19 टीम ने अपने नाम किया था। अब उनके पास खिताब बचाने का मौका होने के साथ-साथ ट्रॉफी की हैट्रिक लगाने पर भी होगी। टीम इंडिया को आयरलैंड, वेस्टइंडीज और मेजबान नेपाल के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। भारतीय महिला टीम अपने अभियान का आगाज 22 जनवरी से करेगी, जहां वे कीर्तिपुर के टीयू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज का सामना करेंगे। इसके बाद 24 जनवरी को नेपाल और फिर 26 जनवरी को आयरलैंड का सामना करेंगे।

परमाणु कार्यक्रम एआई-आधारित भविष्य को ऊर्जा करेगा प्रदान : केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली । डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत का परमाणु कार्यक्रम युद्ध के लिए नहीं बल्कि शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है और यह एआई-आधारित भविष्य को ऊर्जा प्रदान करेगा। केंद्रीय मंत्री ने ने ब्लूमबर्ग इकोनॉमी फोरम 2026 के दौरान एक विशेष बातचीत में कहा कि भारत की भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में परमाणु ऊर्जा की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डेटा सेंटरों के लिए जरूरी भरोसेमंद ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा करना भी शामिल है।

भारत के परमाणु कार्यक्रम के जनक डॉ. होमी भाभा के दृष्टिकोण को याद करते हुए, डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत ने हमेशा शांतिपूर्ण कार्यों एवं राष्ट्रीय विकास के लिए परमाणु ऊर्जा का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि परमाणु तकनीक के शांतिपूर्ण उपयोग के प्रति प्रतिबद्धता देश की कार्यनीति के केंद्र में है जबकि देश अपनी उभरती विकासात्मक एवं तकनीकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपनी क्षमताओं का विस्तार कर रहा है। सिंह ने कहा कि एआई और डेटा सेंटरों के विस्तार के लिए उर्जा के ऐसे भरोसेमंद स्रोतों की आवश्यकता होगी जो उनकी बढ़ती एवं निरंतर ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर सकें।

भुवनेश्वर कुमार हमारे लिए चुनौती होंगे : मिशेल सेंटनर



क्राइस्टचर्च । भारत और न्यूजीलैंड के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज गुरुवार से शुरू हो रही है। पहला टी20 क्राइस्टचर्च के हेग्ले ओवल में भारतीय समयानुसार दोपहर 12.30 बजे से खेला जाएगा। इस सीरीज से भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 4 साल बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। भुवनेश्वर कुमार की वापसी पर न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर ने कहा, मुझे लगता है कि भुवी को न्यूजीलैंड की ये कंडीशन पसंद आएंगी। अगर विकेट में कुछ है, तो वह उसमें से कुछ न कुछ निकाल ही लेंगे। इंडिया में कुछ फ्लैट पिचों पर भी वह बॉल को स्विंग करने में कामयाब रहते हैं। इसलिए यहां, खासकर नई बॉल के साथ, वह एक चुनौती होंगे। सेंटनर ने कहा, भारत में इन दिनों एक गेंदबाज के लिए काफी चुनौती है। हमने हाल में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में देखा कि 250 का स्कोर भी चेज हो गया। ऐसा कौन-सा गेंदबाज चाहेगा? भुवी को यहां थोड़ा बेहतर लगेगा।

बता दें कि भुवनेश्वर ने 4 साल पहले अपना आखिरी टी20 मैच न्यूजीलैंड में ही खेला था। उसके बाद से घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में लगातार अच्छे प्रदर्शन के बावजूद वह टीम से बाहर रहे। भुवी को आईपीएल 2025 और आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए मैच जिताऊ प्रदर्शन का इनाम मिला है और न्यूजीलैंड टी20 सीरीज के लिए टीम में जगह दी गई है।

प्रथम पृष्ठ का शेष....

यूरोप में सुलगता असंतोष: फ्रांस, इटली और अल्बानिया....

प्रदर्शनकारियों को हटाने की कोशिश की. बोलोग्ना में भी झड़पों के बाद कई लोगों को गिरफ्तार किए जाने की खबर आई. इन प्रदर्शनों में लोगों की मुख्य चिंता बढ़ती महंगाई और आम परिवारों पर पड़ रहा आर्थिक दबाव रहा.

पुर्तगाल में महंगे घरों के खिलाफ विरोध

पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में हजारों लोग आवास की बढ़ती कीमतों और जीवनयापन के खर्च के खिलाफ सड़कों पर उतरे. यहां घर खरीदना और किराये पर रहना बड़ी चिंता बन गया है. रॉयटर्स के मुताबिक, 2017 के बाद से पुर्तगाल में घरों की कीमतें दोगुनी हो गई हैं. इसके कारण आम लोगों के लिए घर खरीदना और किराया देना मुश्किल हुआ है. प्रदर्शनकारियों की मांग है कि सरकार आवास की समस्या पर ध्यान दे और लोगों को किफायती घर उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाए.

बेल्जियम में शिक्षा की लागत पर विरोध

बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स में भी छात्रों और युवाओं ने प्रदर्शन किया. वे शिक्षा की बढ़ती लागत और ऐसे प्रस्तावित बदलावों का विरोध कर रहे थे, जिनसे उनके अनुसार उच्च शिक्षा तक पहुंच और मुश्किल हो सकती है. रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ जगहों पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं. इन प्रदर्शनों से पता चलता है कि शिक्षा और सार्वजनिक सेवाओं को लेकर युवाओं की चिंताएं कई यूरोपीय देशों में सामने आ रही हैं.

यूरोप में विरोध की वजहें अलग, लेकिन चिंता मिलती-जुलती

फ्रांस, अल्बानिया, इटली, पुर्तगाल और बेल्जियम में प्रदर्शनों के मुद्दे पूरी तरह एक जैसे नहीं हैं. फ्रांस में महंगाई, असमानता और सरकारी सेवाओं की स्थिति अहम मुद्दे हैं. अल्बानिया में सरकार के खिलाफ नाराजगी और प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग प्रमुख है. पुर्तगाल में आवास की कीमतें और बेल्जियम में शिक्षा की लागत लोगों की चिंता का कारण बनी हुई हैं. इन प्रदर्शनों से यूरोपीय सरकारों पर जनता की मांगों को लेकर दबाव बढ़ा है. हालांकि, इनका आगे क्या असर होगा, यह सरकारों की प्रतिक्रिया और प्रदर्शनकारियों की मांगों पर निर्भर करेगा.

एसीएम कोर्ट से सीजेपी नेताओं को राहत:.....

नेताओं सौरव दास और आशुतोष रांका ने याचिका दाखिल कर हाई कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की थी।

13 अक्टूबर से थे हिरासत में

13 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर निजी परिसर से प्रवेश करने और पुलिसकर्मियों को उनकी ड्यूटी करने से रोकने के आरोप में 14 लोगों को हिरासत में लिया गया था, जिनमें सौरव दास और रांका के साथ-साथ पार्टी सदस्य अजिंक्य शिंदे भी शामिल थे। सीजेपी सदस्य मतदाता सूची के %विशेष गहन पुनरीक्षण% (एसआईआर) में अनियमितताओं के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे और उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारे भी लगाए थे।

सीईओ जिला पंचायत ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागीय कार्यो एवं योजनाओं की समीक्षा की



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने आगामी धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए धान उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की समुचित तैयारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को धान खरीदी से जुड़े कार्यों में आपसी समन्वय बनाकर सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सीईओ जिला पंचायत ने डिजिटल ऑप सर्वे कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए सर्वे कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल ऑप सर्वे के अंतर्गत किसानों की फसलों से संबंधित जानकारी का सही एवं अद्यतन संकलन महत्वपूर्ण है। इसके लिए संबंधित अधिकारी मैदानी स्तर पर कार्यों की नियमित निगरानी करें तथा सर्वे कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए आवश्यक पहल की जाए। साथ ही नागरिकों को सौर ऊर्जा के उपयोग, बिजली बिल में होने वाली बचत एवं योजना के लाभों के संबंध में जागरूक करते हुए उन्हें सोलर पैनल स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

सीईओ जिला पंचायत ने मुख्यमंत्री हेल्पलाईन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजी पोर्टल एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों का निराकरण संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ किया जाए। विशेष रूप से मुख्यमंत्री हेल्पलाईन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आवेदन का निराकरण करने के पश्चात संबंधित आवेदक को निराकरण की स्थिति एवं की गई कार्रवाई के संबंध में अनिवार्य रूप से सूचित किया जाए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को लंबित आवेदनों की नियमित समीक्षा करने तथा निराकरण में अनावश्यक विलंब नहीं करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

रावण की भूमिका में छाए रहे जिला साहू संघ के अध्यक्ष नोबल, 23 साल से निभा रहे रावण का रोल



राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ के अध्यक्ष नोबल साहू को रावण की भूमिका में देख लोग आश्चर्य चकित हुए बिना नहीं रहे। कहां जिला साहू संघ के अध्यक्ष और कहां अहंकारी रावण, यह मेल नहीं खा रहा था। लेकिन सच बात यह कि नोबल साहू विगत 23 वर्षों से रावण का किरदार निभाते आ रहे हैं। उनके गांव लालबहादुर नगर में रामलीला उत्सव समिति द्वारा लगभग 100 वर्षों से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जिला साहू संघ के अध्यक्ष नोबल साहू पिछले 23 वर्षों से लगातार रावण का किरदार कर उन्होंने दशानन की भूमिका में अपनी विशेष छाप छोड़ी है।

विजयादशमी के अवसर पर उनका यह अभिनय रामलीला उत्सव का प्रमुख आकर्षण बना रहा। नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, उपाध्यक्ष छविधर साहू तथा नगर पंचायत के सभी पार्षदों के सहयोग से रामलीला का आयोजन किया जाता है। समिति के अध्यक्ष केशव साहू के नेतृत्व में आयोजित इस उत्सव में संरक्षक अशोक साहू सहित गंगादास वैष्णव, गोपाल यादव, रामजी साहू, ढालेंद्र साहू, रायसिंग देवांगन, राकेश सिन्हा, पवित्र साहू एवं सोहन साहू,कमलेश सेन ,अशोक साहू टेलर, ज्ञानदास साहू, भारत सिन्हा विभिन्न भूमिकाओं के माध्यम से रामलीला की परंपरा को जीवंत बनाए हुए हैं। वहीं, पारस साहू भगवान श्रीराम की भूमिका निभा रहे हैं। लगभग एक शताब्दी से चली आ रही यह रामलीला धार्मिक आस्था, लोक संस्कृति और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक है। कलाकारों का वर्षों से निरंतर योगदान इस परंपरा को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

धूमधाम से मना RSS का स्थापना दिवस : भव्य पथ संचलन पर बरसे फूल, हुआ शस्त्र पूजन

अंबागढ़ चौकी (दावा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा विजयादशमी के पावन अवसर एवं संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अंबागढ़ चौकी नगर में स्थापना दिवस, पारंपरिक शस्त्र पूजन और भव्य पथ संचलन का आयोजन पूर्ण अनुशासन व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।



''आज की पीढ़ी संस्कार से कम इंस्टाग्राम से ज्यादा चल रही है'-मुख्य वक्ता प्रशांत सोनी

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अहीरवार समाज के बीरबल खरे एवं खंडेलवाल समाज के ईश्वर चंद खंडेलवाल उपस्थित रहे। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में विभाग संपर्क प्रमुख प्रशांत सोनी ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संघ परंपरा के अनुसार विधिवत शस्त्र पूजन और ध्वजारोहण के साथ हुआ। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रशांत सोनी ने संघ की स्थापना की पृष्ठभूमि, राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों के योगदान और समाज को संगठित रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वर्तमान परिवेश पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी संस्कार से कम और इंस्टाग्राम से ज्यादा संचालित हो रही है, जो भविष्य और समाज दोनों के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक समरसता, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के संकल्प को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि बीरबल खरे ने सामाजिक एकता और बंधुत्व पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाज को केवल सहयोग ही नहीं, बल्कि परस्पर सम्मान की भी गहरी आवश्यकता है।

कदमताल करते निकले स्वयंसेवक, नगरवासियों ने की पुष्पवर्षा

बौद्धिक सत्र के उपरांत कृषि उपज मंडी प्रांगण से स्वयंसेवकों का अनुशासित पथ संचलन प्रारंभ हुआ। पूर्ण गणवेश में सुसज्जित स्वयंसेवक घोष की धुन पर कदमताल करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों व चौराहों से गुजरे। संचलन के दौरान जगह-जगह नगरवासियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का आत्मीय स्वागत किया गया। पथ संचलन नगर भ्रमण के पश्चात पुनः मंडी प्रांगण पहुंचा, जहां संघ प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।

इस अवसर पर सह विभाग संघचालक उम्मेद देवांगन,चिंता राम नायक, सर्वेश्वर ठाकुर, सतीश खंडेलवाल, अनुज तुलावि, नीलकंठ कोमरे, नगर से विजय वैष्णव, तुलसी वर्मा, विजय ठाकुर, भजन साहू सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, प्रबुद्ध नागरिक, मातृशक्ति और नगरवासी उपस्थित रहे।

नगर दशहरा उत्सव समिति के द्वारा, विक्रांत सिंह की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा, बाजे-गाजे और आतिशबाजी के बीच मना दशहरा

खैरागढ़ (दावा)। संगीत नगरी में नगर दशहरा उत्सव के द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी भव्यता और उत्साह के साथ दशहरा उत्सव मनाया गया। भगवान श्रीराम के जयघोष, आकर्षक शोभायात्रा, पारंपरिक लोकनृत्यों और भव्य आतिशबाजी के बीच रावण भांठा (इतवारी बाजार)में श्रीराम ने 41 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया। इस ऐतिहासिक परंपरा के साक्षी बनने नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।



41 फीट के रावण दहन को देखने उमड़ा जनसैलाब

बांके बिहारी मंदिर से विक्रांत सिंह की अगुवाई में निकली शोभायात्रा

दशहरा उत्सव की शुरुआत बांके बिहारी मंदिर परिसर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान रथ पर सवार होकर बाजे-गाजे के साथ रावण दहन के लिए रवाना हुए। हर वर्ष की परंपरा के अनुसार बांके बिहारी मंदिर में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा भी शोभायात्रा में शामिल रही। श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में निकली शोभायात्रा अस्पताल चौक होते हुए दंतेश्वरी मंदिर पहुंची, जहां मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया। इसके बाद यात्रा गोलबाजार, बख्शी मार्ग और इतवारी बाजार होते हुए रावण भांठा पहुंची। आकाशीय रंग बिरंगी आतिशबाजी के बीच रावण दहन, गूंजे जय श्रीराम के जयकारे रावण भांठा (इतवारी बाजार) में भव्य आतिशबाजी के बीच भगवान श्रीराम ने 41 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया। रावण दहन के दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। शोभायात्रा के दौरान डीजे और धुमाल की धुन पर श्रद्धालु जमकर थिरकते रहे। जगह-जगह उमड़ी भीड़ और उत्सव के माहौल ने दशहरा की रौनक बढ़ा दी।

मां दुर्गा की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

दशहरा उत्सव के दौरान बांके बिहारी मंदिर में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा को भी शोभायात्रा में शामिल किया गया। रावण दहन के पश्चात विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस तरह धार्मिक आस्था और परंपरा के संगम के साथ उत्सव का समापन हुआ।

खैरागढ़ का दशहरा बना क्षेत्रवासियों के आकर्षण का केंद्र

खैरागढ़ का दशहरा हर वर्ष नगरवासियों के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र रहता है। इस बार भी बड़ी संख्या में लोगों ने रावण दहन और मेले का आनंद लिया। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पूरे आयोजन स्थल और शोभायात्रा मार्ग पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। यातायात व्यवस्था भी सुचारू रूप से व्यवस्थित रही।

कलेक्टर ने ग्राम सुंदरा में हितग्राही के घर स्थापित सोलर पैनल का किया अवलोकन



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुंदरा में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत हितग्राही श्रीमती पूर्णिमा निषाद के घर में स्थापित सोलर पैनल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राही से चर्चा कर योजना से मिल रहे लाभ एवं बिजली बिल में हो रही बचत की जानकारी ली।

श्रीमती पूर्णिमा निषाद ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कराया है। सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन होने के कारण उन्हें बिजली बिल में राहत मिल रही है। उन्होंने योजना को परिवार के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। घरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित करने से न केवल बिजली बिल में बचत होती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक नागरिकों को इस जनहितकारी योजना से जोडने के लिए व्यापक जागरूकता आवश्यक है।

दीपावली पर आरकेसी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का बड़ा तोहफा बकाया स्कूल फीस के एकमुश्त भुगतान पर मिलेगी विशेष छूट

राजनांदगांव (दावा)। रोशनी और खुशियों के महापर्व दीपावली के पावन अवसर पर आरकेसी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने पालकों एवं विद्यार्थियों के हित में एक सराहनीय पहल की है। संस्था प्रबंधन द्वारा छात्र-छात्राओं के शिक्षण शुल्क के एकमुश्त निपटान हेतु सीमित अवधि के लिए 'विशेष दीपावली शुल्क छूट योजना' की शुरुआत की गई है। योजना की घोषणा करते हुए संस्थान के निदेशक सावंत बहादुर सिंह ने सभी पालकों व विद्यार्थियों को दीपावली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि यह रियायती योजना 15 अक्टूबर से प्रभावी हो चुकी है और दीपावली के दिन तक लागू रहेगी।



पालकों की सुविधा के लिए रविवार और अवकाश के दिनों में भी रात 8 बजे तक खुला रहेगा कार्यालय : निदेशक सावंत बहादुर सिंह

योजना के मुख्य आकर्षण

संपूर्ण बकाया शुल्क पर 5प्रतिशत की सीधी छूट-योजना अवधि के दौरान जो भी अभिभावक अपने बच्चे की संपूर्ण शेष बकाया फीस का एकमुश्त भुगतान करेंगे, उन्हें कुल बकाया राशि पर 5 प्रतिशत की सीधी छूट प्रदान की जाएगी। रियायत प्राप्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त 2प्रतिशत छूट-सत्र के दौरान पूर्व में किसी भी प्रकार की फीस माफी अथवा छूट का लाभ प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों के लिए भी यह सुविधा उपलब्ध है। ऐसे विद्यार्थी यदि इस अवधि में अपनी शेष बकाया राशि पूर्ण रूप से जमा करते हैं, तो उन्हें शेष राशि पर 2 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाएगी।

अवकाश व रविवार को भी रात 8 बजे तक सेवा - कामकाजी पालकों की सुविधा और व्यस्तता को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का लेखा विभाग सभी सार्वजनिक अवकाशों और रविवार के दिनों में भी सुबह 9:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक निरंतर खुला रहेगा। निदेशक सावंत बहादुर सिंह ने सभी पालकों से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि में विद्यालय के लेखा कार्यालय पहुंचकर इस विशेष छूट योजना का लाभ अवश्य उठाएं। प्रबंधन समिति की अध्यक्षा डॉ. सविता जे. बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, डॉ. आई. के. वैष्णव एवं एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने इस छात्र व पालक हितैषी निर्णय पर हर्ष व्यक्त किया है।

आराधना से शरीर का हीं नहीं बल्कि आत्मा का भी कल्याण होता है - समयप्रभ जी



राजनांदगांव (दावा)। ''साल भर में हमने कितना आनंद लिया है, यह हमें नहीं पता लेकिन हम यह अवश्य कर सकते हैं कि हमारा आने वाला समय आनंदमय हो। इसके लिए एक ही मार्ग है वह है आराधना का। आराधना से हम वर्तमान के साथ-साथ आने वाले समय के लिए भी आनंद प्राप्त कर सकते हैं।'' उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य समयप्रभ सागर जी ने व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में आज मुनि श्री समयप्रभ सागर जी ने फरमाया कि आराधना में भाव को होना आवश्यक है। बिना भाव के आराधना नहीं हो सकती। मां का स्नेह रोके नहीं रुकता है। माँ की दृष्टि बच्चों के प्रति ममत्व की होती है। परमात्मा की जितनी भी पूजा कर लो मां बाप के प्रति जो हमारा ऋण है वह कभी नहीं चुकाया जा सकता। सौ गुरुओं के बराबर एक माता-पिता होते हैं। मुनि श्री समयप्रभ जी ने कहा कि मां की महिमा की कोई व्याख्या नहीं की जा सकती। इसी तरह सास की दृष्टि में बहू का बहुमान होना चाहिए तभी वह बहू सफल मानी जा सकती है। एक मां जितने अपने बच्चों के बारे में जानती है उतना गुरु नहीं जान सकता। मां-बाप हमारी सफलता के पीछे के मुख्य कारण होते हैं। मां-बाप हमारे जीवन का आधार हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने की पूजा-अर्चना, विशाल भोज भंडारे में लिया महाप्रसाद



हालेकोसा (दावा)। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्रभर में भक्ति, श्रद्धा और आस्था का उल्लासमय माहौल बना हुआ है। इसी क्रम में माँ दुर्गा सरस्वती के पावन धाम ग्राम हालेकोसा में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव मुख्य रूप से सम्मिलित हुईं।

उन्होंने माँ दुर्गा सरस्वती के समक्ष शीश नवाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और चहुंमुखी उन्नति की कामना की। दर्शन और पूजन के उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव मंदिर परिसर में आयोजित विशाल भोज भंडारे में शामिल हुईं और उन्होंने आम श्रद्धालुओं व ग्रामीणों के साथ बैठकर महाप्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक व सामाजिक आयोजन में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में रविन्द्र वैष्णव, जनपद सदस्य हेमीन साहू, तुलाराम साहू, दिनेश साहू, दीपक साहू, प्रदीप पटेल, जगन चन्द्रवंशी, दुर्योधन साहू, राधेलाल साहू, दिनेश मणिकपुरी एवं नेतरम साहू प्रमुख रूप से मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीणों और महिला-पुरुष श्रद्धालुओं का सराहनीय सहयोग रहा। नवरात्रि उत्सव के चलते संपूर्ण ग्राम हालेकोसा माता के जयकारों और भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा।

बीएनसी मिल के तीन खिलाड़ियों का प्रदेश की हॉकी लीग में चयन, अब अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ दिखाएंगे दम

रायपुर में आज से शुरू हुई लीग, छह टीमें लेंगी हिस्सा

राजनांदगांव (दावा)। घर की जिम्मेदारियों के बीच हॉकी के मैदान पर पसीना बहाकर अपनी प्रतिभा को निखारने वाले बीएनसी मिल क्षेत्र के तीन खिलाड़ियों ने शहर का मान बढ़ाया है। वार्ड क्रमांक 15 के तौफीक अहमद, संदीप यादव और आदर्श राज सिंह का चयन छत्तीसगढ़ हॉकी लीग के लिए हुआ है। अब ये खिलाड़ी प्रदेश की प्रमुख हॉकी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। खास बात यह है कि लीग में इन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलने और उनसे खेल की बारीकियां सीखने का अवसर भी मिलेगा।



जिम्मेदारियों के बीच हॉकी के जुनून ने दिलाई पहचान

वार्ड-15 के तौफीक अहमद और संदीप यादव राजधानी रॉयल्स से खेलेंगे, आदर्श राज सिंह को जस्टिसधानी नाइट्स में मिली जगह

तौफीक अहमद, संदीप यादव और आदर्श राज सिंह का चयन उन युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है, जो अपनी रोजमर्रा की जिम्मेदारियों के साथ खेल के प्रति समर्पण बनाए हुए हैं। सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बीच अभ्यास जारी रखते हुए इन खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। प्रदेश की लीग में चयन उनके लिए आगे बढ़ने का नया रास्ता खोलेगा। साथ ही राजनांदगांव की हॉकी प्रतिभा को भी नई पहचान मिलेगी।

छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का आयोजन 21 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक रायपुर के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में राजधानी रॉयल्स, पिक्चर चैलेंजर्स, संस्कारधानी स्ट्राइकर्स, चक्रधर चैंपियंस, जस्टिसधानी नाइट्स और मैनपाट टाइटन्स सहित छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। लीग की खासियत यह है कि प्रत्येक टीम में प्रदेश के खिलाड़ियों के साथ चार अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी भी शामिल होंगे। ऐसे में स्थानीय खिलाड़ियों को अनुभवी और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ मैदान साझा करने का अवसर मिलेगा। इससे उनकी तकनीक, खेल की समझ और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है।

राजधानी रॉयल्स और जस्टिसधानी नाइट्स से उतरेंगे मैदान में

राजनांदगांव के तीनों खिलाड़ियों को अलग-अलग टीमों में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। तौफीक अहमद और संदीप यादव राजधानी रॉयल्स की ओर से खेलेंगे, जबकि आदर्श राज सिंह जस्टिसधानी नाइट्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। हॉकी प्रेमियों को उम्मीद है कि तीनों खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से टीम को मजबूती देंगे और राजनांदगांव की खेल प्रतिभा का प्रभाव छोड़ेंगे।

राजपूत समाज में हर्ष

तीनों खिलाड़ियों के चयन पर राजपूत समाज ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया। खिलाड़ियों के चयन से स्थानीय खेल प्रेमियों में उत्साह है और उम्मीद की जा रही है कि यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी हॉकी के प्रति प्रेरित करेगी।

डोंगरगढ़ में छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा की महत्वपूर्ण बैठक : संगठन विस्तार, युवा मार्गदर्शन और महिला सशक्तिकरण पर हुआ मंथन

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा डोंगरगढ़ इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय समाज भवन में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में समाज के सर्वांगीण विकास, संगठन विस्तार, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा युवा और महिला वर्ग को सामाजिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में सर्वसम्मति से कई अहम बिंदुओं पर निर्णय लिए गए

सामाजिक मजबूती और महिला सशक्तिकरण पर जोर

बैठक के दौरान समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आत्मीय स्वागत किया गया। इसके उपरांत अध्यक्ष शिवेंद्रदीप सिंह एवं महिला जिला अध्यक्ष शीला सिंह गहरवार ने समाज को एकजुट करने और सामाजिक आयोजनों को सुचारू रूप से संचालित करने पर अपने विचार रखे।

समाज के युवाओं को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार के क्षेत्र में उचित मार्गदर्शन प्रदान करना। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए ग्रामीण स्तर पर महिला मोर्चा को और अधिक सक्रिय व सशक्त बनाना। आगामी सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करना।

पदाधिकारियों व वरिष्ठजनों की रही गरिमामयी उपस्थिति

बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष शिवेंद्रदीप सिंह, अध्यक्षा राधा देवी बैस, वरिष्ठ ग्रामीण अध्यक्ष रामकुमार सिंह, महिला ग्रामीण अध्यक्ष शीला सिंह गहरवार उपस्थित रहीं। इसके साथ ही समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शकों एवं गणमान्य सदस्यों में रमाकांत ठाकुर, महेंद्र सिंह परिहार, प्रभुदयाल चौहान, योद्धा सिंह राठौर, डॉ. आलोक कलचूरी, दशरथ सिंह ठाकुर, परमेश्वर सिंह, एच. पी. सिंह सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने समाज के उत्थान और जनकल्याणकारी कार्यों में निरंतर सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

रीड यूथ सोसाइटी और पुलिस प्रशासन की अनूठी पहल : नुक्कड़ नाटक के जरिए 100 परिवारों को साइबर ठगी से किया अलर्ट

राजनांदगांव (दावा)। डिजिटलाइजेशन के इस दौर में तेजी से पैर पसार रहे ऑनलाइन फ्रॉड से आम नागरिकों को बचाने के लिए रीड यूथ सोसाइटी और जिला पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाया।

इसके तहत स्थानीय माँ पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नुक्कड़ नाटक के जरिए लगभग 100 परिवारों को साइबर अपराधों और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के गुर सिखाए गए।



डिजिटल अरेस्ट और APK फाइल फ्रॉड का जीवंत मंचन

नुक्कड़ नाटक के कलाकारों ने रोजमर्रा की जिंदगी में होने वाले गंभीर साइबर अपराधों जैसे- ओटीपी धोखाधड़ी, संदिग्ध एपीके फाइल के जरिए मोबाइल फोन हैकिंग, व्हाट्सऐप हैकिंग, फर्जी बैंक अधिकारी बनकर खाते से रकम उड़ाना और हाल के दिनों में तेजी से बढ़े 'डिजिटल अरेस्ट' के मामलों का प्रभावी और जीवंत मंचन किया। नाटक के माध्यम से आमजन को आगाह किया गया कि वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अनाधिकृत स्रोतों से ऐप या संदिग्ध फाइल डाउनलोड करने से बचें, और किसी भी सूरत में अपना ओटीपी, पासवर्ड या बैंक से जुड़ी गोपनीय जानकारी अजनबियों से साझा न करें।

सतर्कता ही साइबर ठगी से सबसे बड़ा बचाव

आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराधियों के नए पैंतरों से वाकिफ कराना और उन्हें सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना था। मंदिर परिसर में पहुंचे श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने नाटक की प्रस्तुति को सराहा और डिजिटल सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

इनकी रही प्रमुख भूमिका

इस जन-जागरूकता अभियान को सफल बनाने में रीड यूथ सोसाइटी के अध्यक्ष तोरण पटेल, लेखाधिकारी योगिता कुंबले, कनिष्का पटेल, तकनीकी अधिकारी चंद्रप्रकाश साहू, साहिल देवांगन तथा सक्रिय सदस्य सोनाली व हीना सहित संस्था के 15 ऊर्जावान कर्मयोद्धाओं ने मंचन और व्यवस्था में सक्रिय सहभागिता निभाई।

मांस विक्रय के लिए चिह्नित हों एक-दो स्थान

सर्वसमाज का निर्णय - कलेक्टर, एसपी, आयुक्त, महापौर सहित विधानसभा अध्यक्ष व सांसद को सौंपेंगे ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। शहर में मांस विक्रय की व्यवस्था निर्धारित करने, अवैध दुकानों पर कार्रवाई करने तथा खुले में मांस की बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर बुधवार को अग्रसेन भवन में सर्वसमाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इन मांगों को लेकर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त, महापौर, विधानसभा अध्यक्ष, स्थानीय विधायक एवं सांसद को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक में मांग रखी गई कि शहर में मांस विक्रय एवम् परोसने वालों के लिए एक-दो स्थान चिह्नित किए जाएं, ताकि निर्धारित स्थानों पर ही मांस का विक्रय हो। इसके साथ ही अवैध रूप से संचालित दुकानों पर कार्रवाई करने तथा खुले में मांस विक्रय पर रोक लगाने की मांग की गई।



सर्वसमाज ने निर्णय लिया कि संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर मांगों पर तीन दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया जाएगा। निर्धारित समयावधि में अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने पर सर्वसमाज द्वारा जनआंदोलन शुरू करने और नगर बंद जैसे कदम उठाने की चेतावनी दी जाएगी। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों ने मांगों को लेकर संगठित रूप से आगे बढ़ने तथा प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखने पर सहमति जताई।

अवैध दुकानों पर कार्रवाई की मांग, तीन दिन में कार्रवाई नहीं होने पर जनआंदोलन और नगर बंद की चेतावनी

बैठक में खूबचंद पारख, नरेश डाकलिया, सुशील अग्रवाल, नंदकुमार साहू, विनय ढड्ढा, विजय शर्मा, नीरज बाजपेयी, अशोक पांडे, भरत ठक्कर, योगेश कोटक, अशोक लोहिया, शिव वर्मा, अजय सिंगी, बसंत चितलंगिया, मनोज बैद, विष्णु साव, संतोष फाटक, अरुण गुप्ता, राजेश खंडेलवाल, अशोक झांझरी, राजेंद्र सुराणा, रानू जैन, जैनम बैद, अशोक सिंघल, लक्ष्मण लोहिया, योगेश बागड़ी, रमणीक अग्रवाल, बिशन अग्रवाल, शरद अग्रवाल, संजय लोहिया, संजय अग्रवाल एवं पुरुषोत्तम गांधी सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

स्वास्ति मेहुल जैन की भजन संध्या, रावण दहन और भव्य आतिशबाजी ने बांधा समां



भव्य विजयादशमी महोत्सव की ऐतिहासिक सफलता पर सौरभ कोठारी ने जताया आभारे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित सभी अतिथियों का किया धन्यवाद

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति द्वारा आयोजित भव्य विजयादशमी महोत्सव, रावण दहन एवं दिल्ली की सुप्रसिद्ध भजन गायिका स्वास्ति मेहुल जैन की संगीतमय प्रस्तुति का वृहद आयोजन ऐतिहासिक रूप से सफल रहा। इस गरिमामय आयोजन की अभूतपूर्व सफलता पर समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने सभी जनप्रतिनिधियों, अतिथियों, जिला, पुलिस व निगम प्रशासन, समिति सदस्यों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं संस्कारधानीवासियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है।

समिति अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने वीसी (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग) के जरिए जनता को संबोधित कर आयोजन की गरिमा बढ़ाई और शुभकामनाएं दीं। वहीं सांसद संतोष पांडे और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भी मंच से जनसमूह को संबोधित करते हुए पर्व की बधाई दी। कोठारी ने महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व मंत्री खूबचंद पारख, नीलू शर्मा, संतोष अग्रवाल, रमेश पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, राजेश जैन व सुनील मूंदड़ा सहित उपस्थित समस्त गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति को आयोजन की ऊर्जा बताया।

भजन संध्या, रावण दहन और आतिशबाजी ने मोहा मन

समारोह में प्रख्यात भजन गायिका स्वास्ति मेहुल जैन ने अपनी सुमधुर आवाज में श्रीराम और श्रीकृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत भजनों की ऐसी अविरल धारा बहाई कि हजारों श्रोता भक्तिरस में झूम उठे। इसके पश्चात भव्य रावण दहन के साथ करीब 10 मिनट तक चली गगनचुंबी आतिशबाजी ने पूरे आकाश को सतरंगी रोशनी से नहला दिया। आकर्षक मंच सज्जा, भव्य प्रकाश व्यवस्था और जनसमूह के अपार उत्साह ने इस शाम को स्मरणीय बना दिया। कोठारी ने कहा कि सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता और व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम का समन्वय सराहनीय रहा। इसके साथ ही उन्होंने समिति के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों की निष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता पूरी टीम के रात-दिन के अथक परिश्रम का परिणाम है।

शहरवासियों और मीडिया का जताया धन्यवाद

सौरभ कोठारी ने संस्कारधानी की जनता, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि नगरवासियों का स्नेह और मीडिया का व्यापक सहयोग ही समिति की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने संकल्प दोहराया कि छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति भविष्य में भी नगर की सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए निरंतर ऐसे भव्य आयोजनों की श्रृंखला जारी रखेगी।

गौरीनगर में धूमधाम से हुआ रावण दहन, कौमी एकता और सामाजिक समरसता का दिया संदेश

राजनांदगांव (दावा)। विजयदशमी के पावन अवसर पर गौरी नगर स्कूल मैदान में कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति द्वारा भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ कांग्रेस पार्षद एवं अधिवक्ता हफीज खान के नेतृत्व में आयोजित इस उत्सव में बड़ी संख्या में नागरिकों ने शामिल होकर आपसी भाईचारे, सामाजिक सद्भाव और एकता का संदेश दिया। हर वर्ष की परंपरा के अनुरूप विशालकाय रावण के पुतले का दहन किया गया, जो बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न धर्मों और समाजों के नागरिकों की सहभागिता ने आयोजन को सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द का विशेष उदाहरण बनाया। कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया गया कि समाज की असली ताकत आपसी विश्वास, प्रेम, सहयोग और एक-दूसरे के प्रति सम्मान में निहित है।

इस अवसर पर शहर के विकास, सामाजिक सेवा और जनहित के कार्यों में योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं का सम्मान व उत्साहवर्धन कर उन्हें



समाजसेवा, सद्भाव और सकारात्मक योगदान के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बच्चों द्वारा बनाए गए छोटी मॉडल झांकियां प्रदर्शित की गईं। सभी को स्मृतिचिन्ह मालाओं पुष्पगुच्छ श्रीफल शाल आदि भेंट कर सम्मानित किया गया इनमें मुख्य रूप से वरिष्ठ नागरिक रघुवीर दास निषाद, मोहम्मद अय्यूब, विजय सूर्यवंशी आदि साथ ही छात्रों में धरा सिन्हा, राज सिन्हा आदि शामिल हैं।

गौरी नगर में दशहरा उत्सव वर्षों से केवल रावण दहन तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि यह विभिन्न समुदायों को एक मंच पर लाने और आपसी रिश्तों को मजबूत करने का माध्यम भी बना हुआ है। यहां सभी त्योहार मिल-जुलकर मनाने और सुख-दुख में एक-दूसरे का साथ देने की परंपरा रही है। वार्ड के विकास कार्यों और सामाजिक गतिविधियों में वरिष्ठ कांग्रेस पार्षद एवं अधिवक्ता हफीज खान की भूमिका के साथ पूर्व पार्षद समद खान के सहयोग का भी उल्लेख किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्रीकिशन खंडेलवाल, समाजसेवी डॉ. रूबीना अंजुम अल्वी, शहर उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतन भानुशाली, वरिष्ठ अधिवक्ता हलीम बख्श गाजी एवं राजीव कुरियाकोस उपस्थित रहे सभी ने कार्यक्रम की मूल भावना की तारीफ करते हुए सभी की मेहनत से कार्यक्रम को इक्कीस साल पूरे होने पद बधाई दी। वहीं आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष हफीज खान,

विभिन्न समाजों के लोगों ने उत्साह से लिया हिस्सा, प्रतिभाओं और समाजसेवियों का किया गया सम्मान

कोषाध्यक्ष समद खान, सचिव सुमंत बक्शी, मीडिया प्रभारी अभिमन्यु उदय मिश्रा, सतीश लाल, छबील साहू, हरीश यादव, जाकिर खान, कादिर अंसारी, प्रकाश रामटेके, इरफान बाबा, बिलाल खान, विजय यादव, सोहेल, मन्नू पंचतिलक, अशोक शर्मा, हारिस खान, कृपाराम, मनोहर मानिकपुरी, जीवेंद्र कुंजाम, महेश यादव, रंजीत यादव, दुर्गा प्रसाद महिला समूह से निर्मला यादव, दुर्गा यादव, यशोदा निषाद, मीना साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे मंच संचालन मुकेश मोजेश द्वारा किया गया मंच व्यवस्था संजय लाल द्वारा व लाइट व्यवस्था गोपाल सोनी ने की।

कार्यक्रम ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि त्योहारों की वास्तविक खुशी समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने, आपसी मतभेदों को दूर करने और भाईचारे को मजबूत बनाने में है। गौरी नगर का दशहरा उत्सव इसी साझा संस्कृति, सद्भाव और कौमी एकता की परंपरा को आगे बढ़ाने का माध्यम बना। उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी अभिमन्यु उदय मिश्रा ने दी।

सहकारिता और उद्योग स्थायी समिति जिला पंचायत की बैठक 26 अक्टूबर को

राजनांदगांव (दावा)। सहकारिता और उद्योग स्थायी समिति जिला पंचायत राजनांदगांव की बैठक 26 अक्टूबर 2026 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विभागीय कार्यों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की गई है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने कहा गया है।

मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में शरद पूर्णिमा पर 25 अक्टूबर की रात्रि को बांटी जाएगी जड़ी बुटीयुक्त खीर प्रसाद

लोक कलामंच नाचा, गम्मत साथ ही लोक कलाकारों की होगी प्रस्तुति

राजनांदगांव (दावा)। मानव सेवा व जनकल्याण के लिए अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा अपने आशीर्वादक राष्ट्रीय संत श्री श्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा जी के आशीर्वाद से संस्था द्वारा संचालित गर्भगृह में विराजमान मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ बर्फानी आश्रम परिसर में शरद पूर्णिमा 25 अक्टूबर रविवार - सोमवार की रात्रि में मनाई जाएगी। इस अवसर पर स्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को जड़ी बुटीयुक्त खीर प्रसाद का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक कलामंच नाचा पार्टी के द्वारा लोकगीत, नृत्य, गम्मत के अलावा लोक कलाकारों की भी प्रस्तुति रात्रि में 10 बजे से होगी। संस्था



के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि सारे देश में मनाए जाने वाले मां भगवती के साधना व भक्ति का महापर्व शारदीय क्वांर नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में श्रद्धा, भक्ति के साथ नौ दिनों तक विभिन्न आयोजन किए गए। इस नवरात्र अंचल सहित देश विदेश के 2395 श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में मनोकामना ज्योति अष्टमी का हवन 18 अक्टूबर को व दुर्गा नवमी 19 अक्टूबर को कन्या पूजन, प्रसादी महा आरती, ज्योत-ज्वारा विसर्जन, भंडारा प्रसादी के साथ ही अंचल सहित देशभर से आए माता के दर्शनार्थ लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में संपन्न होने के बाद संस्था द्वारा मानव सेवा एवं जनकल्याण के तहत स्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को सन 1997 से दुर्लभ जड़ी बुटियां एकत्रित कर पौराणिक मान्यताओं अनुसार जड़ी बुटी युक्त खीर प्रसादी तैयार कर स्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को ब्रम्हमुहूर्त में वितरीत की जाती है। इस वर्ष भी संस्था द्वारा लगभग 30 हजार से भी अधिक पी?तों के लिए खीर प्रसाद तैयार करवाया जा रहा है। जिसे शरद पूर्णिमा 25 अक्टूबर रविवार की रात्रि चन्द्रकला से प्राप्त होने वाली अमृतरूपी प्रसाद तैयार कर श्रद्धालुओं को निःशुल्क वितरीत किया जाएगा। इसके लिए संस्था ने व्यापक पैमाने पर तैयारी प्रारंभ कर दी है।

वहीं पीड़ितों से पंजीयन कराने की अपेक्षा की है। पीड़ित प्रसाद ग्रहण करने से 6 घंटा पूर्व व पश्चात न सोये। संस्था द्वारा लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने की दृष्टिकोण से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मनोरंजन के साथ ही लोक गीतों व लोक नृत्यों से भरपूर रहने वाली छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध नाचा पार्टी के द्वारा गम्मत सहित अन्य मनोरंजक कार्यक्रम लोक कलामंच के कलाकारों द्वारा कर्मा, ददरिया, सुवा, जस व पारंपरिक गीत व नृत्य के अलावा हास्य व्यंग्य प्रहसन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही लोक कलाकारों द्वारा भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। संस्था ने आयोजन को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व नगर निगम से भी सहयोग मांगा है। संस्था के द्वारा श्रद्धालुओं से अपेक्षा की गई है कि वे अपना पंजीयन मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ पहुंचकर अवश्य कराएं। इस आयोजन को लेकर संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, महेन्द्र लुनिया, व अन्य सहयोगी दामोदर अग्रवाल, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, सूरज जोशी, आलोक जोशी, लीलाधर सिंह, कुलबीर छाबड़ा, संजय खंडेलवाल, मनीष परमार सत्यम शर्मा तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं।

दशहरा कार्यक्रम में डोंगरगांव पुलिस पर मारपीट का आरोप, युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

लाठी के कथित इस्तेमाल से कांग्रेस युवा नेता घायल निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग

डोंगरगांव (दावा)। दशहरा पर्व के अवसर पर डोंगरगांव के आत्मानंद स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस द्वारा लोगों के साथ कथित मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है. मामले को लेकर युवा कांग्रेस डोंगरगांव के विधानसभा अध्यक्ष लिलेश पटेल के नेतृत्व एवं प्रियंक जैन के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी को पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव एवं पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव के नाम ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन के माध्यम से पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई.

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि 20 अक्टूबर को आत्मानंद स्कूल मैदान में दशहरा कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात था. कार्यक्रम के दौरान पुलिस द्वारा कई लोगों पर कथित रूप से अत्यधिक बल प्रयोग करते हुए लाठी का इस्तेमाल किया गया और बेरहमी से मारपीट की गई. इस दौरान कांग्रेस युवा नेता एवं पूर्व एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष राकेश साहू को पैर और कान में चोट आई है. युवा कांग्रेस का दावा है कि इस दौरान कई युवाओं के साथ भी मारपीट की गई लेकिन गरीबी, लाचारी और भय के चलते कोई भी युवा सामने नहीं आ रहे



हैं. युवा कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि घटनाक्रम के दौरान कुछ पुलिसकर्मी कथित रूप से नशे की हालत में थे और उनके द्वारा लोगों के साथ मारपीट की गई. इस विषय में पीड़ित राकेश साहू ने बताया कि वे आत्मानंद स्कूल में दशहरा कार्यक्रम के दौरान कुछ युवकों को पुलिस के व्दारा सार्वजनिक रूप से डंडे से पीटे जाने का विडियो बना रहे थे, जिसकी वजह से उन्हें भी पकड़ा गया और मोबाईल छींनकर उनकी बेरहमी से पिटाई की गई और थाने ले जाया गया. मिली जानकारी के अनुसार इस स्थल पर थानेदार इतने उत्तेजित थे कि शहर के एक चुने हुए जनप्रतिनिधि की बाद को भी अनदेखा कर रहे थे और बड़ी मशक्कत के बाद एक बेकसूर लडके को उन्होंने छोड़ा. ज्ञापन में डोंगरगांव थाना प्रभारी आशीर्वाद रहटगांवकर, आरक्षक बिसराम वर्मा, एआई कुर्रे, एआई यादव, आरक्षक रामचरण यादव एवं चंद्रकांत सोनी की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है.

ज्ञापन में संबंधित पुलिसकर्मियों का मेडिकल परीक्षण (एमएलसी) कराने तथा घटनाक्रम की पूरी जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की गई है। युवा कांग्रेस ने कहा कि जांच में यदि किसी पुलिसकर्मी की लापरवाही या दोष सामने आता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए.

युवा कांग्रेस ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मामले में शीघ्र निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा. संगठन ने कहा कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों की संपूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी ज्ञापन देने दौरान युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष लिलेश पटेल प्रियंक जैन, रितेश राजपूत, राकेश साहू, राजा यादव, संदीप, देवेंद्र देवांगन उपस्थित थे. इस विषय में डोंगरगांव टीआई आशीर्वाद रहटगांवकर से जानकारी लेने का प्रयास किया गया किन्तु उन्हें कॉल रिसिव नहीं किया. घटना की जानकारी मिली है और जांच के पश्चात आगे की कार्यवाही की जायेगी।



13 गांवों में जमीन की खरीदी-बिक्री पर लगी रोक शिथिल



राजनांदगांव (दावा)। टेडेसरा, घुमका, कलडबरी, पटेवा मार्ग चौड़ीकरण निर्माण कार्य से प्रभावित 13 गांवों में जमीन के अंतरण, बंटवारा, व्यपवर्तन और क्रय-विक्रय पर लगी रोक को कलेक्टर जितेंद्र यादव ने शिथिल कर दिया है। हालांकि जिन जमीनों पर किसी अन्य परियोजना के कारण अलग से प्रतिबंध लागू है, वहां यह छूट प्रभावी नहीं होगी।कलेक्टर के आदेश से अब टेड़ेसरा, फूलझर, नवागांव, मुड़ीपार, बघेरा, परसबोड़, कलडबरी, बरबसपुर, हरडुवा, घुमका, दर्रा, पटेवा और रेंगाकठेरा गांव की संबंधित भूमि प्रभावित होगी। मार्ग चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी होने और आवश्यक अधिसूचना जारी होने तक इन गांवों में जमीन के अंतरण, बंटवारा, व्यपवर्तन और क्रय-विक्रय पर 1 अगस्त 2025 को प्रतिबंध लगाया गया था। बाद में लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क) संभाग राजनांदगांव से प्रस्ताव मिलने के बाद प्रतिबंध की स्थिति की समीक्षा की गई।

नए आदेश में कहा गया है कि इन 13 गांवों की ऐसी भूमि, जिस पर किसी अन्य परियोजना के कारण प्रतिबंध नहीं है, वहां पूर्व में लगाया गया प्रतिबंध शिथिल रहेगा। इससे संबंधित भूमि के सामान्य राजस्व एवं पंजीयन कार्य अब नियमों के अनुसार किए जा सकेंगे।



महेश नगर में बच्चों का अनूठा उत्साह : दिव्यम और राघव लोहिया ने बनाया 1 फुट 4 इंच का रावण, परिवार संग किया दहन

राजनांदगांव (दावा)। विजयादशमी के पावन पर्व पर महेश नगर में बच्चों का अनूठा रचनात्मक उत्साह देखने को मिला। स्थानीय निवासी बालक दिव्यम लोहिया और राघव लोहिया ने अपनी बाल सुलभ प्रतिभा का परिचय देते हुए स्वयं 1 फुट 4 इंच का आकर्षक रावण का पुतला तैयार किया। इसके उपरांत बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक स्वरूप पूरे विधि-विधान व हर्षोल्लास के साथ रावण के पुतले का दहन किया गया। इस अवसर पर आतिशबाजी के बीच जय श्री राम के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान रहा। आयोजन के दौरान लोहिया परिवार के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी परिजनों ने बच्चों की इस रचनात्मक पहल और पारंपरिक उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें पर्व की बधाई दी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com